

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 24 जून 2026

संवत 2083, शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल 9 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 280, पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ आयात निर्भरता होगी कम, 100 उत्पाद किये जाएंगे चिन्हित

आमिर खान की तारीफ में बोले निर्देशक आर. एस. प्रसन्ना, आप एक लत की तरह हैं ◂◂ 6




## लोहरदगा में फर्नीचर शोरूम में लगी भीषण आग, करीब 15 लाख की संपत्ति जलकर राख



संवाददाता

101

**लोहरदगा:** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कुंदो मोड़ स्थित एक फर्नीचर शोरूम में मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से शोरूम में रखा सोफा सेट, पलंग, कुर्सी और अन्य फर्नीचर की सामान जलकर राख हो गई। शोरूम मालिक द्वारा घटना में 10 से 15 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

**पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची :** आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने पर लोहरदगा अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि लोहरदगा से कुडू पहुंचने में दूरी के कारण अग्निशमान विभाग की टीम देर से पहुंची।

शोरूम संचालक ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। वहीं, सूचना मिलते ही कुडू थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। लोहरदगा से कुडू प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है। आग लगने की स्थिति में लोहरदगा के भंडरा रोड स्थित अग्निशमन विभाग के कार्यालय से अग्निशमन वाहन को कुडू जाना होता है।

### 262 नवचयनित कर्मियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया नियुक्ति पत्र, कहा

# आपकी सैलरी आम जनता देती है, इसे ध्यान में रखकर काम करें

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में हेमंत सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, 151 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और 26 फाइनेंस मैनेजर समेत कुल 262 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। सरकार ने इसे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, डॉक्टरों की कमी दूर करने और अस्पताल प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में अहम पहल बताया।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी नवचयनित कर्मियों को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य विभाग में नियुक्तियों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की भूमिका जितनी बड़ी है, अस्पतालों के सफल संचालन में मैनेजमेंट और प्रशासनिक कर्मियों की जिम्मेदारी भी उतनी ही अहम है।

जनता के प्रति जवाबदेही

मुख्यमंत्री ने कहा, आपकी नियुक्ति इसलिए की गई है ताकि आम जनता को किसी तरह की दिक्कत न हो। आज से आप सरकार के अभिन्न अंग हैं। आपकी सैलरी आम जनता देती है, इसलिए उसी



जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा। उन्होंने डॉक्टरों को भगवान का रूप बताते हुए कहा कि उसी भावना के साथ जनता की सेवा करनी चाहिए।

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को महानगरों की तर्ज पर विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर नव नियुक्त कर्मियों को देश के बड़े संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा, ताकि वहां की कार्यप्रणाली सीखकर झारखंड में बेहतर व्यवस्था विकसित की जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार नई चुनौतियां आती हैं और उनका मुकाबला जिम्मेदारी के साथ करना होगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक समय झारखंड में डॉक्टरों पर इलाज के साथ-साथ कई अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी थीं, लेकिन अब सरकार व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा वेतन मद में खर्च कर रही है, इसलिए सभी कर्मियों को आम जनता के प्रति जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सपना था और हेमंत सरकार उसी सपने को धरातल पर उतारने में जुटी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट लक्ष्य राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करना है और सरकार उसी दिशा में लगातार काम कर रही है।

इरफान अंसारी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अपेक्षित काम नहीं हुआ, लेकिन अब सरकार तेजी से बैकलॉग दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के डॉक्टर अक्सर बेहतर संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में बाहर जाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें झारखंड में ही बेहतर माहौल और अवसर देने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता राज्य के अंतिम छोर तक सुनिश्चित हो और हर पंचायत तक स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हों। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, ह्लमैंने सिर्फ कुर्सी नहीं संभाली है, बल्कि जनता की सुविधाओं की पहरेदारी की जिम्मेदारी ली है। जो दर्द समझता है, वही इलाज करता है। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में राज्य के नए मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 100 से बढ़ाकर 250 तक की गई है। साथ ही झारखंड में मेडिकल टूरिज्म और मेडिकल यूनिवर्सिटी शुरू करने की दिशा में भी तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य विभाग में और नियुक्तियां की जाएंगी।

इस मौके पर अवर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में अभी तक खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों की संख्या सिर्फ 20 थी, जो नई नियुक्तियों के बाद बढ़कर 76 हो जाएगी। उन्होंने नव नियुक्त खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों से पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ काम करने की अपील की, ताकि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि जहां भी उनकी पोस्टिंग हो, वहां आईपीएचएस मानकों के अनुरूप इलाज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में की गई है, जिससे डॉक्टरों की कमी काफी हद तक दूर होगी और लोगों को अपने जिले में ही बेहतर इलाज मिल सकेगा।

अजय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने डॉक्टरों से अनावश्यक रेफर की प्रवृत्ति कम करने और अधिक से अधिक मरीजों का इलाज अपने अस्पताल में ही करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने बताया कि नव नियुक्त डॉक्टरों को वेतन के साथ प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, ताकि वे बेहतर मनोयोग से सेवा दे सकें। उन्होंने सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और फाइनेंस मैनेजरों से भी अस्पताल प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




## समाचार सार

### चेन छीन भागे रहे स्नैचर की बाइक टकराई, एक पकड़ाया दूसरा फरार

**रांची :** गोंदा थाना क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल कॉलोनी (आईएएस क्लब) के समीप मुंडा होटल के सामने मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे बाइक सवार दो अपराधियों ने एक महिला से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सतर्कता से एक आरोपी पकड़ा गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अब्दुल समद नामक व्यक्ति की पत्नी दीनदयाल कॉलोनी से गुजर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे। उनके गले से चेन छीनने का प्रयास किया। चेन छीनने के प्रयास के बाद दोनों अपराधी तेज रफ्तार में बाइक से भाग रहे थे।

इसी दौरान उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों आरोपी सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना का फायदा उठाकर एक आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा स्थानीय लोगों के हत्थे चढ़ गया। आक्रोशित लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के हवाले उसे सौंप दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर हाल के दिनों में राजधानी में हुई अन्य छिनतई की घटनाओं के संबंध में भी जानकारी हासिल की जा रही है।

### पहाड़ी मंदिर क्षेत्र में निगम की जमीन पर अतिक्रमण चिन्हित, कार्रवाई जल्द

**रांची :** पहाड़ी मंदिर क्षेत्र में निगम की जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ रांची नगर निगम अब कार्रवाई की तैयारी में है। इस कड़ी में मंगलवार को नगर निगम की टीम ने पहाड़ी मंदिर क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमित व संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया। पहाड़ी मंदिर परिसर की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन भी किया। इसमें भूमि की सीमा, उपयोग और संभावित अतिक्रमण वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। इसमें नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने पहाड़ी मंदिर क्षेत्र में चिन्हित अतिक्रमण स्थलों का विस्तृत सर्वेक्षण कर अभिलेखों का सत्यापन करने और इसके बाद चरणबद्ध अभियान चलाकर निगम की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने को कहा। नगर आयुक्त ने पदाधिकारियों से कहा कि इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि निगम स्वामित्व वाली भूमि पर बिना सक्षम प्राधिकार से अनुमति व आवश्यक एनओसी प्राप्त किए कोई भी निर्माण या विकास कार्य नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा व संरक्षण नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है?

इससे पहले निरीक्षण के क्रम में निगम की टीम ने यह पाया कि कई स्थानों पर संभावित अतिक्रमण के मामले सामने आए, जिन्हें चिन्हित कर आगे की कार्रवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। साथ ही यह भी पाया कि एनआरईपी के तहत क्षेत्र में बाउंड्री वॉल व पेवर ब्लॉक निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसके लिए रांची नगर निगम से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं लिया गया। हालांकि, स्थानीय लोगों के विरोध के बाद फिलहाल यह कार्य बंद है। दरअसल, निगम के मुताबिक निगम अभिलेखों के अनुसार पहाड़ी मंदिर परिसर प्लॉट संख्या 955 व 956 में अवस्थित है, जो वार्ड संख्या-2, थाना संख्या-205, मौजा रांची, शहर अंचल के तहत दर्ज निगम स्वामित्व वाली भूमि है। दोनों प्लॉटों को मिलाकर मंदिर परिसर लगभग 26 एकड़ 94.7 डिसमिल भूमि में फैला हुआ है। वहीं, निरीक्षण में निर्माण कार्य से उत्पन्न सीएंडडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट भी विभिन्न स्थानों पर बिखरा हुआ मिला।

**श्रावणी मेला से पहले पूरी करें तैयारी :** नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि श्रावणी मेला के दौरान हजारों श्रद्धालु पहाड़ी मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर, पहुंच मार्गों व आसपास के क्षेत्रों में किसी प्रकार की अव्यवस्था, अतिक्रमण या यातायात बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

### हेमंत सोरेन 60 विधायकों के नेता : सुप्रियो

**रांची :** झामुमो महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने राज्यसभा चुनाव को लेकर दिए गए अपने बयान के संदर्भ में मंगलवार को स्थिति स्पष्ट की। जारी बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रत्यक्ष रूप से 56 विधायकों और अप्रत्यक्ष रूप से चार विधायकों के नेता हैं। इस प्रकार वे कुल 60 विधायकों का नेतृत्व करते हैं। क्योंकि सदन में उन्हें प्रत्यक्ष रूप से लिखित 56 विधायकों का समर्थन है और अप्रत्यक्ष रूप से चार विधायकों का समर्थन है। उन्होंने कहा कि उनके पूर्व बयान को अलग संदर्भ में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी वोटों के संदर्भ में थी, न कि सदन में विधायकों की संख्या के संदर्भ में। झामुमो के 34 विधायकों में से पार्टी द्वारा पूर्व घोषित निर्णय के अनुसार 30 वोट राज्यसभा प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को और चार वोट कांग्रेस प्रत्याशी प्रवण झा को दिए गए थे। कांग्रेस को कुल 20 वोट मिले, जिसमें झामुमो के चार वोट भी शामिल थे। इसी संदर्भ में उन्होंने अपनी बात रखी थी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 21 विधायकों के नेता हैं।

**ट्रेजरी घोटाले की जांच में समय लगना स्वभाविक :** ट्रेजरी घोटाले के संबंध में पूछे गए सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मामला कितना बड़ा है, लेकिन घोटाला होने की बात सामने आ चुकी है। इसकी जांच राज्य सरकार करा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले के तार पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार के कार्यकाल से जुड़े बताए जा रहे हैं। चूंकि यह लंबे समय से चला आ रहा मामला है, इसलिए जांच में समय लगना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि अंततः यह मामला नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के पास भी जाएगा, इसलिए पूरी तस्वीर सामने आने के लिए कुछ इंतजार करना होगा।

**पुख्ता साक्ष्य हैं तो जांच एजेंसियों और न्यायालय के समक्ष रखें :** सांसद पप्पू यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यदि उनके पास पुख्ता साक्ष्य हैं और वे दावा कर रहे हैं कि मामला कैमरे में कैद है, तो इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपों का संबंध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जोड़ा जा रहा है, इसलिए ईडी को भी इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि यदि पप्पू यादव के पास सभी तथ्यों और साक्ष्यों की जानकारी है तो उन्हें केवल प्रेस वार्ता करने के बजाय संबंधित जांच एजेंसियों और न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिए। इससे पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी।

### इटखोरी प्रखंड के करनी पंचायत भवन की चाबी सीएसपी संचालक के पास, व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**चतरा :** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत करनी पंचायत में पंचायत भवन के संचालन को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। आरोप है कि पंचायत भवन की चाबी मुखिया या पंचायत सचिव के पास नहीं होकर सीएसपी संचालक कैलाश राणा के पास रहती है। इतना ही नहीं, पंचायत भवन का ताला भी उनके द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार खोला और बंद किया जाता है।इस पूरे मामले को लेकर मुखिया प्रतिनिधि संजय रजक ने वीडियो बयान जारी कर कई गंभीर बातें कही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत भवन सरकारी संपत्ति है, जिसका उपयोग पंचायत से जुड़े कार्यों और आम ग्रामीणों की सुविधा के लिए होना चाहिए। लेकिन वर्तमान में इसकी व्यवस्था ऐसी हो गई है कि भवन के खुलने और बंद होने का नियंत्रण एक सीएसपी संचालक के हाथों में दिखाई पड़ रहा है।मुखिया प्रतिनिधि संजय रजक ने अपने बयान में कहा कि यदि पंचायत भवन की चाबी जनप्रतिनिधियों के बजाय किसी निजी सेवा संचालक के पास रहती है, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि पंचायत भवन की चाबी आखिर किसके पास रहने का प्रावधान है।ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन जनता के कार्यों के लिए बनाया गया है। यहां पेंशन, आवास, प्रमाण-पत्र, जनकल्याणकारी योजनाओं सहित पंचायत से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं।

---

चतरा में पुलिसिंग की प्रतिभा का महाकुंभ शुरू

# उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का भव्य शुभारंभ




- एसपी अनिमेष नैथानी ने किया उद्घाटन
- अपराध अनुसंधान से लेकर वैज्ञानिक जांच तक पुलिस दक्षता की होगी कड़ी परीक्षा
- रांची, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, गिरिडीह और चतरा की पुलिस टीमें लेंगी हिस्सा
- बेहतर पुलिसिंग और अनुसंधान क्षमता विकसित करने पर जोर

**संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड पुलिस की पेशेवर दक्षता,अनुसंधान क्षमता और आधुनिक पुलिसिंग कौशल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का चतरा पुलिस केंद्र में भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में पुलिस अधिकारियों, निर्णायक मंडल,विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों एवं जवानों की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को अनुशासन,उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना से सराबोर कर दिया।पुलिस केंद्र स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए महत्वपूर्ण मानी जाने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का विधिवत आगाज हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारियों और प्रतिभागियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पौधे भेंट कर किया गया।

**बेहतर पुलिसिंग और वैज्ञानिक अनुसंधान का मंच है ड्यूटी मीट :** एसपी उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसपी अनिमेष नैथानी ने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि पुलिस बल की व्यावसायिक दक्षता को परखने और उसे और अधिक मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और वर्तमान समय में वैज्ञानिक अनुसंधान,तकनीकी साक्ष्य और आधुनिक पुलिसिंग की भूमिका पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। ऐसे आयोजनों से पुलिस अधिकारियों और जवानों को अपने कौशल को निखारने तथा बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है।

उन्होंने प्रतिभागियों को निष्पक्षता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यहां प्राप्त अनुभव भविष्य में अपराध नियंत्रण और अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक साबित होंगे।

**सीआईडी अधिकारियों ने बताई प्रतियोगिता की उपयोगिता**

कार्यक्रम में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), रांची के अंगुलांक ब्यूरो के सहायक निदेशक संतोष सुधाकर ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में फोरेंसिक साइंस, फिंगर प्रिंट, डिजिटल साक्ष्य और वैज्ञानिक जांच पद्धति पुलिस अनुसंधान की रीढ़ बन चुके हैं। पुलिस ड्यूटी मीट के माध्यम से इन क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों और जवानों की दक्षता का मूल्यांकन और प्रोत्साहन किया जाता है।

**छह जिलों की पुलिस टीमें दिखाएंगी अपना कौशल :** इस क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में रांची, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, गिरिडीह और चतरा जिलों की पुलिस टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान अपराध अनुसंधान, फिंगर प्रिंट विश्लेषण, पुलिस फोटोग्राफी, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन, केस डायरी लेखन, पूछताछ तकनीक, विधिक ज्ञान और अन्य पुलिसिंग से जुड़े विषयों पर प्रतिभागियों की परीक्षा होगी।पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पुलिस बल के भीतर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता में भी सुधार लाती हैं।

**निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा की दिलाई गई शपथ :** उद्घाटन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे प्रतियोगिता के सभी नियमों का पालन करते हुए निष्पक्षता, ईमानदारी और खेल भावना के साथ इसमें भाग लेंगे तथा अपने जिले की प्रतिष्ठा और पुलिस सेवा के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

शपथ ग्रहण के दौरान सभागार में मौजूद सभी अधिकारियों और जवानों ने अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**पुलिस नेतृत्व की रही अहम मौजूदगी :** पूरे कार्यक्रम के दौरान सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे भाऊ साहेब, मुख्यालय डीएसपी सुनील कुमार सिंह,चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस केंद्र के अधिकारियों एवं जवानों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**पुलिसिंग की नई चुनौतियों से निपटने की तैयारी :** विशेषज्ञों का मानना है कि साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी और तकनीकी अपराधों के बढ़ते दौर में पुलिस बल को लगातार प्रशिक्षित और अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। पुलिस ड्यूटी मीट जैसे आयोजन न केवल प्रतिभा को पहचानने का अवसर देते हैं बल्कि पुलिस बल को आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

इटखोरी में कोटापा अधिनियम के तहत छापामारी अभियान

# तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर हुई कार्रवाई



**संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार एवं सिविल सर्जन सत्येंद्र कुमार सिंह के आमार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आइटखोरी थाना क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी अनुपालन को लेकर संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम द्वारा किया गया।अभियान के दौरान सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (कोटपा) की धारा 4, 6(ए), 6(बी) तथा पीईसीए-2019 के प्रावधानों के तहत कुल 15 दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई दुकानदारों द्वारा तंबाकू नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अर्थदंड वसूला गया।विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की परिधि के भीतर तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। साथ ही संबंधित दुकानदारों को कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए भविष्य में इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानदारों एवं आमजनों को कोटपा झारखंड संशोधन अधिनियम-2021 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना, तंबाकू उत्पादों का सेवन करना अथवा थूकना दंडनीय अपराध है। साथ ही 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना या उनसे बिकवाना कानूनन प्रतिबंधित है। शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों, सार्वजनिक कार्यालयों एवं न्यायालय परिसरों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री भी प्रतिबंधित है।उन्होंने यह भी बताया कि खुले रूप में सिगरेट अथवा अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री कानून का उल्लंघन है तथा ऐसे मामलों में भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर सहित अनेक गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए आमजनों, विशेषकर युवाओं को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता है। अभियान का उद्देश्य तंबाकू नियंत्रण कानूनों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दिनेश मरांडी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार श्रीमती रश्मि दुबे, सोशल वर्कर शशि भूषण शास्त्री तथा इटखोरी थाना की संयुक्त छापामारी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

---

सीआरपी एवं बीआरपी का ई-विद्यावाहिनी प्रशिक्षण संपन्न

# दूसरा बैच आज से हुआ शुरू



**संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में जिले के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) एवं क्लस्टर रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) के लिए आयोजित दो दिवसीय ई-विद्यावाहिनी प्रशिक्षण का प्रथम बैच मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 22 एवं 23 जून को आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डिजिटल मॉनिटरिंग, शैक्षणिक अनुश्रवण और ई-विद्यावाहिनी पोर्टल के प्रभावी उपयोग के लिए कर्मियों की क्षमता का विकास करना है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए बीआरपी एवं सीआरपी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा ई-विद्यावाहिनी प्रणाली के विभिन्न मॉड्यूल, विद्यालय अनुश्रवण, डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित एपीओ विनय जायसवाल, एसपीएमयू से उमा शंकर, मास्टर ट्रेनर ज्योति तथा 'रूम टू रीड' के जिला शैक्षणिक समन्वयक (डीएसी) उत्सव आनंद ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और व्यावहारिक अभ्यास (प्रैक्टिकल) कराकर उनकी शंकाओं का समाधान किया।इस क्षमता विकास कार्यक्रम के अगले चरण के तहत द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 24 एवं 25 जून को आयोजित किया जाएगा, जबकि तृतीय बैच का प्रशिक्षण 1 एवं 2 जुलाई को होगा। अधिकारियों ने बताया कि इन तीनों चरणों के माध्यम से जिले के सभी बीआरपी और सीआरपी को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल के संचालन में पूरी तरह दक्ष बनाने का लक्ष्य रखा गया है,

---

# मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में मुहर्रम-2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक में मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, जुलूस मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



दिए।उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के जुलूस मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्गों पर लटके हुए विद्युत तारों को व्यवस्थित किया जाए तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी उपाय किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।बैठक में बताया गया कि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। आमजनों से अपील की गई कि किसी भी अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचना को व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) अथवा अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर साझा अथवा अग्रसारित न करें। किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री की जानकारी तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को उपलब्ध कराएं।बैठक में जानकारी दी गई कि समाहरणालय के पश्चिम स्थित जिला नियंत्रण कक्ष एवं पुलिस कंट्रोल रूम संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06541-253219 एवं मोबाइल संख्या 9117619352 तथा पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 एवं मोबाइल संख्या 9334103794 पर कार्यरत रहेगा। आमजन आवश्यक सूचना अथवा शिकायत इन माध्यमों से उपलब्ध करा सकते हैं।विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी के लिए सादे लिबास में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी।बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के कारोबारियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों एवं उत्पाद विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए।सिविल सर्जन को मुहर्रम के दौरान एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम को सक्रिय रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले की सामाजिक एकता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्रीमती अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, सभी संबंधित अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## शॉर्ट सर्किट से अपार्टमेंट में लगी आग फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट में पाया काबू

**रांची :** ओसीसी कंपाउंड बंगला स्कूल के पिछे श्रीपति लाल नामक अपार्टमेंट में शार्ट शर्किट से अहले सुबह 5बजे के करीब आग लग गयी जिससे आफरा तफरी का मौहल बन गया परंतु आग सिर्फ बेसमेंट के बगल बिजली मिटर और लिफट में लगी थी । आग पर करीब 15-20 मिनट में काबु कर बुझा दिया गया मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम और डेली मार्केट की पुलिस दल पहुंची।

## रिम्स की जमीन बेचने वाले पावर होल्डर प्रमोद कुमार को अग्रिम बेल देने से एसीबी कोर्ट का इनकार

**रांची:** रांची के रिम्स में लगभग 7 एकड़ अधिग्रहित जमीन की फर्जीवाड़े के जरिए खरीद-बिक्री करने के आरोपी प्रमोद कुमार महतो को अग्रिम जमानत देने से अउइ की विशेष अदालत ने इनकार कर दिया है. प्रमोद की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची अउइ की विशेष कोर्ट में बुधवार को सभी पक्षों की ओर से बहस और दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है. अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद प्रमोद के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. फिलहाल, गिरफ्तारी के डर से वे फरार चल रहा है.

जानकारी दें की प्रमोद कुमार महतो लैंड ब्रोकर है और जिस पावर के जरिए रिम्स की भूमि की खरीद-बिक्री हुई है उसका पावर होल्डर प्रमोद महतो ही है. इस मामले में 16 सरकारी अधिकारी-कर्मचारी भी अउइ की रडार पर हैं. इस संबंध में अउइ ने कांड संख्या 1/2026 दर्ज की है।

## एसीबी के विशेष लोक अभियोजक विनीत वशिष्ठ की गाड़ी में टक्कर, हत्या की आशंका

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के विशेष लोक अभियोजक विनीत कुमार वशिष्ठ की कार को मंगलवार को सिंह मोड़ के पास एक तेज रफ्तार वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई. इस घटना के बाद अधिवक्ता ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया है. उन्होंने आशंका जताई है कि यह सिर्फ सड़क दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश के तहत उनकी गाड़ी में टक्कर मारी गई है।

**निष्पक्ष जांच की मांग ताकि मिले आशंका को पूर्णविराम :** उन्होंने हत्या के प्रयास की आशंका जताई है. अधिवक्ता श्री वशिष्ठ ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से एसीबी मामलों के अलावा नक्सल व इडी से जुड़े मामलों में हाईकोर्ट में राज्य की ओर से पैरवी कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि टक्कर मारनेवाला वाहन काफी तेज गति से आया और खड़ी कार में टक्कर मार दी. हालांकि टक्कर के समय अधिवक्ता वाहन के अंदर मौजूद नहीं थे. उन्होंने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. जिससे यह ज्ञात हो सके ये केवल एक सायोंग है या सोची समझी की गई साजिश।

## हरमू और बरियातू में नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, 20 से अधिक अस्थायी संरचनाएं हटाईं

**रांची :** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को हरमू और बरियातू क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई।

नगर निगम की टीम ने हरमू चौक से पंचमुखी मंदिर तक अभियान चलाकर सड़क किनारे संचालित दुकानों, ठेलों और अन्य अस्थायी संरचनाओं को हटाया। कार्रवाई के दौरान कुल 12 अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए बड़ी मात्रा में बांस-बल्ली एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

इसके अलावा बरियातू रोड क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर स्थापित अस्थायी दुकानों, बांस-बल्ली से बने ढांचों और अन्य अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के क्रम में आठ ठेले, दो लोहे के काउंटर सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। रांची नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सड़क, नाली और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। नगर निगम ने आम लोगों और दुकानदारों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें और शहर को व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।

## एसआईआर की तैयारी तेज, बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**रांची** : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 की तैयारियों को लेकर रांची जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे दिन भी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण की विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण में गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण और अभिलेखों के उचित संधारण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इछड एवं इछड सुपरवाइजरों को कार्यों के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों का संग्रहण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को कार्य के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही गणना प्रपत्रों के नियमित संधारण तथा दैनिक प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और समय पर गणना प्रपत्र भरकर उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

# जैप-1 मैदान में कल पासिंग आउट परेड, 334 जवान और 6 डीएसपी पुलिस सेवा में होंगे शामिल

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची डोरंडा स्थित जैप-1 मैदान में गुरुवार को राज्य पुलिस बल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होने जा रहा है। यहां आयोजित होने वाले पासिंग आउट परेड समारोह में छह डीएसपी और 334 प्रशिक्षित पुलिसकर्मी और छह डीएसपी औपचारिक रूप से अपनी सेवा यात्रा की शुरूआत करेंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे, जो परेड की सलामी लेकर प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को जैप-1 परिसर में फुल ड्रेस रिहर्सल कराया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने अंतिम तैयारियों को परखा जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में डीजीपी तदाशा मिश्रा, एडीजी प्रिया दुबे, एडीजी मनोज कौशिक, आईजी प्रभात कुमार, आईजी पंकज कंबोज, आईजी मयूर पटेल, डीआईजी मनोज रतन चौथे, रांची एसएसपी राकेश रंजन समेत कई अधिकारी शामिल होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार, मुसाबनी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं की अंतिम परीक्षा सितंबर में आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम तैयार होने और प्रकाशित होने के बावजूद पासिंग आउट परेड का आयोजन नहीं हो पाया था। ऐसे में कई महीनों से प्रशिक्षु जवान इस महत्वपूर्ण दिन का इंतजार कर रहे थे।

पासिंग आउट परेड में शामिल 334 जवानों ने राज्य के विभिन्न इकाइयों और बटालियनों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इनमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद, विशेष शाखा, रेल पुलिस, पीटीसी और जैप की विभिन्न इकाइयों के प्रशिक्षु शामिल हैं। परेड के बाद ये सभी जवान राज्य के अलग-अलग जिलों और इकाइयों में अपनी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

### पुलिसकर्मियों को वित्तीय उन्नयन का लाभ देने में पदोन्नति से जुड़ी अनिवार्य योग्यताएं बाधा नहीं बनेंगी

**रांची :** झारखंड पुलिस के हजारों जवानों और कर्मियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। पुलिस मुख्यालय ने एसीपी (अस्सूर्ड करियर प्रोग्रेशन ) और एमएसीपी (मॉडिफाइड अस्सूर्ड करियर प्रोग्रेशन) योजना के लाभ को लेकर पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश को निरस्त कर दिया है। अब पुलिसकर्मियों को वित्तीय उन्नयन का लाभ देने में पदोन्नति से जुड़ी अनिवार्य योग्यताएं बाधा नहीं बनेंगी।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, झारखंड हाईकोर्ट के फैसले और विधि विभाग की राय के आधार पर 17 नवंबर 2021 को जारी आदेश को वापस ले लिया गया है। उक्त आदेश में एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने के लिए पदोन्नति के समतुल्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण और अन्य पात्रता शर्तों को आवश्यक माना गया था।

# मोहर्रम स्वागत शिविर के लिए उपायुक्त झामुमो महासचिव को दिया गया आमंत्रण



**संवाददाता**

**रांची :** आगामी मोहर्रम के अवसर पर आयोजित होने वाले स्वागत शिविर को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में समाजसेवी फरीद खान एवं उनकी टीम ने रांची के उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजत्री, झामुमो महासचिव श्री सुप्रियो भट्टाचार्य सहित विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात कर उन्हें स्वागत शिविर में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया।

फरीद खान ने बताया कि मोहर्रम आपसी भाईचारे, त्याग और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। स्वागत शिविर के माध्यम से जुलूस में शामिल अकीदतमंदों एवं आम लोगों की सेवा की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर में पेयजल, शर्बत तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

आमंत्रण के दौरान टीम के सदस्यों ने अतिथियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया तथा मोहर्रम के अवसर पर सामाजिक सौहार्द और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर फरीद खान के साथ उनकी टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सभी आमंत्रित अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### बोकारो ट्रेजरी घोटाले में आरोपियों को नहीं मिली राहत, जमानत अर्जी खारिज

**रांची :** बोकारो ट्रेजरी घोटाले के आरोपी लेखा शाखा के अरक अशोक भंडारी, गृह रक्षक सतीश कुमार और काजल मंडल की जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले कोर्ट ने मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल यह मामला बोकारो ट्रेजरी से 11 करोड़ की अवैध निकासी से जुड़ा है। बोकारो एसपी कार्यालय के लेखा शाखा में सबसे पहले अवैध वेतन निकासी का मामला सामने आया था। एजी की रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद वित्त विभाग ने जांच के आदेश दिए थे। मामले की जांच के बाद बोकारो में प्राथमिकी दर्ज हुई थी और लेखा शाखा से मुख्य आरोपी कौशल पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बोकारो के बाद हजारीबाग। चाईबासा ,रांची और रामगढ़ ट्रेजरी से अवैध निकासी का मामला सामने आया था।

### झारखंड में उद्यमियों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**रांची :** एमएसएमई दिवस के अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), रांची कार्यालय की ओर से विशेष एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को वित्तीय सुविधाओं, ऋण प्रक्रियाओं और उद्यमिता विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की महाप्रबंधक डॉ. शैलजा सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ रोजगार सृजन और निर्यात बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमों को आसान और समयबद्ध वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि वे आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि आरबीआई के नए दिशानिर्देशों के अनुसार सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को 25 लाख रुपये तक के ऋण आवेदन पर बैंकों को 14 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेना होगा।

### अंजुमन जाफरिया का भव्य सम्मान समारोह

# पुलिस अधिकारी व पत्रकार हुए सम्मानित



**संवाददाता**

**रांची :** अंजुमन-ए-जाफरिया, रांची की ओर से 7वी मोहर्रम को मस्जिद जाफरिया परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की शांति व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द तथा जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान रांची के डीएसपी के।वी। राणा, थाना प्रभारी लव कुमार सिंह तथा उर्दू-हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकार गुलाम शाहिद को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सम्मानित अतिथियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि समाज में शांति, भाईचारा और सामाजिक सेवा को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों का सम्मान करना संस्था की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के प्रयासों से समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है। मौके पर सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर रहमान, प्रवक्ता मोहम्मद इस्लाम, कार्यकारी अध्यक्ष आफताब आलम, युवा समाजसेवी सागर कुमार तथा पार्षद गुलाम सरवर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### सेल के एमटीआई का 64वां स्थापना दिवस


# क्षमता निर्माण और डिजिटल लर्निंग पर हुआ मंथन

**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई) के 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर 23 से 25 जून 2026 तक तीन दिवसीय ह्यलर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) कॉन्क्लेव झ्र ज्ञान उत्सवह्न का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में बीसीजी, एसएचआरएम और कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) सहित विभिन्न संस्थानों के करीब 150 वक्ता, प्रतिनिधि और अतिथि भाग ले रहे हैं। रांची स्थित एमटीआई परिसर में आयोजित इस ज्ञान उत्सव में सेल की विभिन्न इकाइयों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, प्रशिक्षण प्रमुख, एचआर एवं एल एंड डी अधिकारी भी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन में सीखने की संस्कृति को मजबूत करना तथा क्षमता निर्माण की दिशा में नए आयाम स्थापित करना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एमटीआई के कार्यपालक निदेशक (एचआर-एल एंड डी) संजय धर ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उद्घाटन संबोधन सेल के निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंह ने दिया। उन्होंने विश्वस्तरीय कंपनी बनने के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की सदस्य (प्रशासन) डॉ. अलका मित्तल ने ह्यविकसित भारत के लिए स्किलिंगह्न विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कौशल विकास पहलों और उन्हें सफल बनाने में सार्वजनिक उपक्रमों एवं कॉर्पोरेट संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## गुलफाम मुजीबी के निधन से रांची शोकाकुल, हिंदपीढ़ी में मातम

**गुलाम शाहिद**



**रांची :** रांची के हिंदपीढ़ी निवासी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाजसेवी एवं बैंकिंग क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्ती डॉ। गुलफाम मुजीबी का आज निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई है, जबकि हिंदपीढ़ी क्षेत्र में मातम का माहौल है। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे रांची के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

डॉ। गुलफाम मुजीबी का जन्म अप्रैल 1945 में हुआ था। वह हिंदपीढ़ी के सेंट्रल स्ट्रीट के मूल निवासी थे और अपने व्यक्तित्व, बौद्धिक क्षमता तथा सामाजिक सरोकारों के कारण व्यापक रूप से सम्मानित थे। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दीं और अपनी कार्यकुशलता की विशेष पहचान बनाई। बैंकिंग क्षेत्र के साथ-साथ उनका राजनीतिक जीवन भी काफी सक्रिय रहा। वह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे तथा पार्टी के मीडिया सेल के संयोजक के रूप में लंबे समय तक कार्य किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ। मुजीबी स्थानीय मुद्दों, सांप्रदायिक सौहार्द, नागरिक अधिकारों और समाज के वंचित तबकों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए जाने जाते थे। उन्होंने हमेशा अल्पसंख्यकों, गरीबों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की पैरवी की तथा सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी।

राजनीतिक और सामाजिक जीवन में उनकी सादगी, स्पष्टवादिता और वैचारिक निष्ठा उन्हें एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती थी। विभिन्न दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों एवं आम नागरिकों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ। गुलफाम मुजीबी का जाना रांची की सामाजिक और राजनीतिक दुनिया के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके निधन से शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने समाजसेवी गुलफाम मुजीबी के निधन पर शोक जताया



**संवाददाता**

**रांची :** रांची के जाने-माने समाजसेवी एवं झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष गुलफाम मुजीबी के निधन पर आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गुलफाम मुजीबी का निधन समाज और विशेष रूप से गरीबों, वंचितों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में एजाज गद्दी ने कहा कि मरहूम गुलफाम मुजीबी हमेशा गरीबों, कमजोर तबकों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ते रहे। वे समाज के लिए ताकत, हिम्मत और मार्गदर्शक की भूमिका निभाते थे। उनके जाने से एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि गुलफाम मुजीबी का पूरा जीवन समाज सेवा, इंसाफ और मानवता के मूल्यों को समर्पित रहा। उनके कार्यों और संघर्षों को हमेशा याद रखा जाएगा।

एजाज गद्दी ने अल्लाह तआला से दुआ की कि वह मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए तथा उनके परिजनों, चाहने वालों और पूरे समाज को इस गहरे दुख और सदमे को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में आम जनता हेल्पलाइन परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है।

## अनिल तिवारी धुर्वा थाना के नए थानेदार नियुक्त

**रांची :** राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और दुरुस्त करने के उद्देश्य से एसएसपी ने पुलिस महकमे में फेरबदल किया है। एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, दो महत्वपूर्ण थानों के प्रभारियों को बदल दिया गया है। इस नए आदेश के तहत अनिल तिवारी को धुर्वा थाना का नया थानेदार नियुक्त किया गया है। जबकि सतीश कुमार गोराई को अरगोड़ा थाना की कमान सौंपी गई है।

**खाली था धुर्वा थाना प्रभारी का पद :** गौरतलब कि बीते दिनों एक आत्महत्या के मामले में धुर्वा थाना प्रभारी को लाइन क्लोज कर दिया गया था। जिसके बाद धुर्वा थाना प्रभारी का पद खाली चल रहा था।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–28/2026–27

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :- | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 02.07.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- | 03.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 03.07.2026 को अपराह्न 3.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:- | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यों की विवरणी | :- | |

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Seepage repair & Renovation of Toilet bath Room & Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Boy's Hostel Ground floor & 1st Floor State Library Sharda Babu lane Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | ₹ 22,39,042.00 | 45,000.00 | 5,000.00 | 30 Days |
| 2 | Seepage Repair & Renovation of Toilet cum bath room & Improvement of W/S and sanitary fittings, Sewerage Work & other Miss. Work at Ground Floor of CB?I Court Building, Civil Court, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | ₹ 14,69,494.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 30 Days |
| 3 | Improvement of Water supply by replacement of damaged pipe, CP fittings of Residence office, Construction of Soak pit and other misc, work at Residence of Staff Qrt near Kachhari Chouk Dipara Ranchi under D. W. &S. Division, Gonda, Ranchi. | ₹ 10,43,626.00 | 21,000.00 | 2,500.00 | 15 Days |
| 4 | Provision of water Supply By Construction of HYDT Boring with Submersible motor pump Set, Supplying & Installation of 5000 LPH (Vessal Size - 18" x 72") Iron Cum Turbidity Removal Filtration Plant (FRP) and its allied Work at B.P.D.P. Guest House Morabadi, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | ₹ 17,85,862.00 | 36,000.00 | 5,000.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची
PR 383067 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## विषाक्त ओटीटी का वैचारिक उद्योग: भारत और हिंदू समाज के विरुद्ध चल रहा सांस्कृतिक युद्ध

भारत में मनोरंजन के नाम पर ओटीटी मंचों पर जो सामग्री परोसी जा रही है, उसे केवल ₹रचनात्मक स्वतंत्रता₹ का परिणाम कहकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह अब केवल वेब-श्रृंखलाओं, फिल्मों या नई पीढ़ी की पसंद का विषय नहीं रह गया है। अनेक मामलों में यह एक व्यापक सांस्कृतिक और वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा दिखाई देता है, जिसके माध्यम से भारतीय समाज, उसकी परंपराओं, परिवार संस्था और विशेष रूप से हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों को एक निश्चित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जा रहा है।

ओटीटी की दुनिया में हिंसा, अश्लीलता, गाली-गलौज, अपराध और सामाजिक विघटन को केवल दिखाया ही नहीं जाता, बल्कि कई बार उन्हें सामान्य और स्वीकार्य जीवन-शैली के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह तर्क दिया जाता है कि समाज में जो कुछ मौजूद है, वही दिखाया जा रहा है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल अपराध, भ्रष्टाचार और विकृत संबंधों से ही बना है? क्या भारतीय जीवन में त्याग, करुणा, आस्था, परिवार, सामाजिक सहयोग, मातृत्व, शौर्य और सांस्कृतिक चेतना जैसी सकारात्मक शक्तियाँ नहीं हैं? समस्या तब उत्पन्न होती है जब किसी समाज के हजारों रंगों में से बार-बार केवल उसका सबसे अंधकारमय और विकृत पक्ष ही चुना जाए। यह यथार्थ का संतुलित चित्रण नहीं, बल्कि चयनित यथार्थ की प्रस्तुति बन जाता है। अनेक लोकप्रिय श्रृंखलाओं और फिल्मों में भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण और पारंपरिक समाज को इस प्रकार दिखाया जाता है मानो वहाँ केवल जातीय घृणा, अपराध, पाखंड और दमन ही मौजूद हो। इस प्रवृत्ति का सबसे चिंताजनक पक्ष यह है कि हिंदू समाज को अक्सर स्थायी दोषी या खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जाति, पितृसत्ता, धार्मिक पाखंड, सामाजिक हिंसा अथवा नैतिक विघटन जैसे विषयों में नकारात्मक पात्रों का संबंध प्रायः पारंपरिक या धार्मिक पृष्ठभूमि से जोड़ा जाता है। इससे धीरे-धीरे दर्शकों के मन में यह धारणा बन सकती है कि भारतीय परंपरा स्वयं समस्याओं की जड़ है। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समाज की बुराइयों को दिखाना गलत नहीं है। कला और साहित्य का दायित्व ही है कि वे समाज की कमजोरियों पर प्रकाश डालें। किंतु यदि हर कथा का निष्कर्ष यही हो कि धर्म, परिवार, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत मूलतः दमनकारी हैं, तो यह आलोचना से आगे बढ़कर सभ्यतागत अभियोग का रूप ले लेता है। आत्मालोचना किसी भी समाज के विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन आत्मालोचना और आत्मद्वेष में स्पष्ट अंतर होता है। पिछले कुछ वर्षों में जब धार्मिक प्रतीकों और आस्थाओं पर सीधे प्रहार करने वाली सामग्री का विरोध हुआ, तब अभिव्यक्ति की शैली में परिवर्तन दिखाई दिया। अब प्रत्यक्ष आक्रमण कम और अप्रत्यक्ष सांस्कृतिक विघटन अधिक दिखाई देता है। परिवार को विषैला, विवाह को बंधन, पुरुषत्व को हिंसक, परंपरा को पिछड़ा और धार्मिकता को पाखंड के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके विपरीत सामाजिक अराजकता, नैतिक सीमाओं के विघटन और व्यक्तिगत स्वच्छंदता को आधुनिकता और स्वतंत्रता का पर्याय बताया जाता है। यह समझना आवश्यक है कि सभ्यताओं को केवल युद्धक्षेत्र में नहीं हराया जाता। कई बार उन्हें उनकी अपनी नई पीढ़ी की चेतना में कमजोर कर दिया जाता है। यदि युवाओं को बार-बार यह बताया जाए कि उनकी संस्कृति पिछड़ी हुई है, उनका इतिहास शर्म का विषय है और उनके सामाजिक मूल्य दमनकारी हैं, तो धीरे-धीरे उनका सांस्कृतिक आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। यही कारण है कि मनोरंजन को केवल मनोरंजन मान लेना पर्याप्त नहीं है; वह समाज की सामूहिक चेतना को भी प्रभावित करता है। ओटीटी मंचों की पहुँच और प्रभाव को देखते हुए यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पहले मनोरंजन मुख्यतः सिनेमाघरों तक सीमित था, लेकिन अब मोबाइल, टेलीविजन, टैबलेट और लैपटॉप के माध्यम से यह सीधे घरों और व्यक्तिगत जीवन में प्रवेश कर चुका है। बच्चे, किशोर और युवा बड़ी मात्रा में ऐसी सामग्री देख रहे हैं, जो उनके दृष्टिकोण, व्यवहार और सामाजिक मान्यताओं को प्रभावित कर सकती है। एल्गोरिदम आधारित सुझाव प्रणाली इस प्रभाव को और गहरा करती है, क्योंकि दर्शक जो देखता है, उसे उसी प्रकार की और सामग्री दिखाई जाती है। ओटीटी उद्योग प्रायः ₹अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता₹ का तर्क देकर आलोचनाओं को खारिज कर देता है। निस्संदेह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण मूल्य है, लेकिन स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। यदि कोई मंच करोड़ों लोगों तक पहुँच रखता है और उनकी मानसिकता, सामाजिक दृष्टिकोण तथा सांस्कृतिक धारणाओं को प्रभावित करता है, तो उससे किसी प्रकार की नैतिक जवाबदेही की अपेक्षा करना अनुचित नहीं है। समाधान कठोर नियंत्रण या सेंसरशिप में नहीं है। समाधान संतुलन में है। सामग्री का स्पष्ट आयु-वर्गीकरण, प्रभावी शिकायत-निवारण व्यवस्था, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और विविध दृष्टिकोणों को स्थान देना आवश्यक है। यदि अधिकांश लोकप्रिय कथाओं में भारतीय समाज और हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों को एक ही प्रकार के साँचे में प्रस्तुत किया जा रहा है, तो इस प्रवृत्ति पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। भारतीय समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सृजन करना है। यदि एक पक्ष लगातार कथाएँ रच रहा है और दूसरा केवल शिकायत कर रहा है, तो अंततः प्रभाव उसी का होगा जो कथा का निर्माण कर रहा है। इसलिए आवश्यकता है कि भारतीय सभ्यता, लोक-संस्कृति, परिवार, आस्था, नारी-शक्ति, सामाजिक जटिलताओं और ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित उच्च-गुणवत्ता की सामग्री तैयार की जाए। ऐसी सामग्री उपदेशात्मक नहीं, बल्कि कलात्मक, आधुनिक और प्रभावशाली होनी चाहिए। इसके साथ ही मीडिया-साक्षरता को भी बढ़ाना होगा, ताकि दर्शक यह समझ सकें कि किसी कथा में क्या दिखाया जा रहा है और क्या जानबूझकर छोड़ा जा रहा है। प्रस्तुतीकरण, प्रतीकवाद और वैचारिक पूर्वाग्रहों की पहचान करने की क्षमता समाज को अधिक सजग बनाती है। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारत अपनी कहानी स्वयं कहेगा या उसकी कथा दूसरे लिखेंगे? क्या परंपरा, धर्म, परिवार और सांस्कृतिक विरासत को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति ही आधुनिकता का नया मानदंड बन जाएगी? यदि ऐसा होता है तो यह केवल मनोरंजन का विषय नहीं रहेगा, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत निरंतरता का प्रश्न बन जाएगा, इसलिए समय की माँग स्पष्ट है, सजग दर्शक, उत्तरदायी मंच, वैकल्पिक सृजन और सांस्कृतिक आत्मविश्वास। मनोरंजन के क्षेत्र में चल रहा यह संघर्ष केवल पर्दे पर दिखाई देने वाले दृश्यों का नहीं, बल्कि समाज की स्मृति, पहचान और भविष्य की दिशा का संघर्ष भी है।

# बांग्लादेश के हिंदुओं की हुंकार

**बांग्लादेश के मानचित्र की यदि हम एक कुर्ता पहने हुए व्यक्ति के रूप में कल्पना करते हैं तो उस व्यक्ति के गले के स्थान पर हैं, 'गायबांधा' जिला। इस गायबांधा जिले का पलाशबाड़ी गांव, इस समय समूचे बांग्लादेश में छाया हुआ है। इस पलाशबाड़ी में, हिंदू समुदाय द्वारा भगवान श्रीराम की 81 फीट की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा हैं। श्रीश्री राधा गोविंद और काली मंदिर परिसर में निमार्णाधीन इस मूर्ति का 80 फीसद काम पूरा हो चुका हैं।**

**प्रशांत पोल**

19 जून को, बांग्लादेश में एक अभूतपूर्व दृश्य देखने मिला। ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने, एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। फिर दोपहर तक ढाका के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र शाहाबाद क्षेत्र में एकत्र हुए। उनकी संख्या इतनी ज्यादा थी कि समूचा शाहाबाद परिसर ठप हो गया। तब तक शाम हो गई थी। इन विद्यार्थियों ने भव्य और प्रभावी मशाल जुलूस निकाला। इस जुलूस को देखकर, मानो महानगर ढाका ठिठक गया..!

ढाका के लिए यह ऐसे दृश्य आम बात हैं। फिर कल 19 जून के इन प्रदर्शनों में ऐसी क्या विशेषता थी कि मात्र ढाका ही नहीं, सारा बांग्लादेश सहम गया। कारण, यह सारे छात्र हिंदू थे। मानव श्रृंखला बनाने वाले सारे कार्यकर्ता हिंदू थे। वह 'हिंदू महजोट' के अंतर्गत भगवान श्रीराम के अपमान के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। फर्क था। बहुत ज्यादा अंतर था। कल तक मार खाने वाला हिंदू, आज आत्मविश्वास से लबालब होकर अपने आराध्य की विडंबना का विरोध प्रकट कर रहा था। बांग्लादेश की सरकार को अल्टीमेटम दे रहा था।

बांग्लादेश के मानचित्र की यदि हम एक कुर्ता पहने हुए व्यक्ति के रूप में कल्पना करते हैं तो उस व्यक्ति के गले के स्थान पर हैं, 'गायबांधा' जिला। इस गायबांधा जिले का पलाशबाड़ी गांव, इस समय समूचे बांग्लादेश में छाया हुआ है। इस पलाशबाड़ी में, हिंदू समुदाय द्वारा भगवान श्रीराम की 81 फीट की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा हैं। श्रीश्री राधा गोविंद और काली मंदिर परिसर में निमार्णाधीन इस मूर्ति का 80 फीसद काम पूरा हो चुका हैं। राधा गोविंद मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिदास चंद्रदास के नेतृत्व में यह कार्य चल रहा हैं। विगत कुछ दिनों से इमाम-उलेमा परिषद तथा अन्य कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों के विरोध के कारण इस मूर्ति के निर्माण कार्य पूरी तरह से रुका है। कट्टरपंथियों ने इस मूर्ति को ध्वस्त करने की धमकी दी है। इसी कड़ी में, इस हफ्ते कुछ उपद्रवी लोगों ने निमार्णाधीन मूर्ति पर जूते-चप्पलों का ढेर लगा दिया। इस धार्मिक विडंबना के विरोध में बांग्लादेश के हिंदू आक्रामक हुए। ढाका के दक्षिणी हिस्से में स्थित 'जगन्नाथ विश्वविद्यालय' के हिंदू विद्यार्थी सर्वप्रथम इस धार्मिक अवमानना के विरोध में सड़कों पर उतर आए। इस आंदोलन से जो चिंगारी सुलगी, उससे बांग्लादेश के हिंदू जागृत हुए। उसी कड़ी में कल ढाका में हिंदू विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन हुआ। बांग्लादेश में इस समय मात्र 9 फीसद से 10 प्रतिशत हिंदू बचा हुआ हैं। गायबांधा में तो मात्र 7 प्रतिशत हिंदू हैं। इससे पहले भी इसी प्रकार का हिंदुओं का दमन होते आया है। बांग्लादेश में अनेकों बार हिंदुओं के मंदिर तोड़े गए। आराध्या देवताओं के विग्रह ध्वस्त किए गए। कभी हिंदुओं ने छुटपुट विरोध किया तो अधिकतम समय, मन मसोस कर रह गए। जी, हां। पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम से निकली हिंदुत्व की लहर से बांग्लादेश के हिंदुओं को हिम्मत मिली। साहस मिला। उनका आत्मविश्वास जागृत हुआ, और कल का अभूतपूर्व आंदोलन संपन्न हुआ। हम हमेशा यह समाचार सुनते आए है कि पाकिस्तान में हिंदुओं पर दुर्दांत अत्याचार हुए। उनका बलात धर्म परिवर्तन कराया गया। अनेक हिंदू लड़कियों को भगाया गया... आदि। ऐसे ही समाचार बांग्लादेश से भी आते हैं। 1947 से 1975 तक पूर्व पाकिस्तान और 1975 से आज तक बांग्लादेश में, अनेक हिंदू मंदिर समय-समय पर तोड़े गए। 1975 में पश्चिमी पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश के हिंदुओं का नरसंहार (ल्लिड्डी) किया। 2024 के अराजक वातावरण में पुनः यही हुआ। सैकड़ों हिंदू मारे गए। भीड़ द्वारा पीट - पीट कर तो अनेकों बार हिंदुओं की हत्या की गई। इन सभी अवसरों पर ह्यूमन राइट्स की बातें करने वाले, मानवता का उपदेश देने वाले, सेकुलरिज्म का पाठ पढ़ने वाले हमेशा खामोश रहे। चुप्पी साध कर बैठे रहे। भारत में भी लगभग 10% से 12% मुसलमान हैं। किंतु यहां अपवाद स्वरुप एक छोटी भी घटना हो जाती है तो यह तमाम मानवाधिकार के पैरोकार, दुनिया में शोर मचाते हैं। अनेकों बार कुछ हुआ नहीं तो भी 'भारत में मुसलमान असुरक्षित' का नारा घूमता है; जैसे कोरोना के समय गूंजा था। फिर वही प्रश्न। बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं पर होने वाले अत्याचारों की कोई बराबरी ही नहीं हैं। फिर भी, भारत में छोटी-मोटी घटना होने या ना होने पर भी, विश्व के माध्यम जगत में वह बड़ा समाचार बनता है, किंतु बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू नरसंहार का सादा समाचार भी प्रमुखता से नहीं छपता। इसका कारण है - संगठन। भारत का मुस्लिम समुदाय संगठित है, भले ही अलग-अलग टुकड़ों या संगठनों में हो, किंतु संगठित हैं। दुर्भाग्य से पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदुओं के बारे में ऐसा नहीं कह सकते। 1947 के पहले मुसलमानों का राजनीतिक दल था, 'मुस्लिम लीग'। विभाजन के पश्चात भारत में मुस्लिम लीग की कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई। फिर भी मुस्लिम लीग जिंदा रही। उसने 'इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग' यह नया नामकरण कर लिया। केरलम में अपनी शक्ति बढ़ाते गए। उनके संसद सदस्य चुनकर आते गए। यूपीए का वह एक हिस्सा रहे। यूपीए के 10 वर्षों के शासनकाल में, उनका मंत्री, कांग्रेस के साथ मंत्रिमंडल का सदस्य था। आज भी केरलम में कांग्रेस का मुख्यमंत्री, इस मुस्लिम लीग की सहमति से और उसकी दम पर ही टिका है। एमआईएम जैसे अन्य मुस्लिम संगठन भी मुस्लिम राजनीति दमखम के साथ करते हैं। विभाजन के पहले हिंदुओं का एकमात्र राजनीतिक दल था, 'हिंदू महासभा'। दुर्भाग्य से, हिंदुस्तान के हिंदू उसे अपना दल नहीं मानते थे। अंग्रेज और मुसलमान, कांग्रेस को हिंदुओं की पार्टी समझते थे। जबकि कांग्रेस अपने आप को हिंदुओं की पार्टी नहीं मानती थी। कांग्रेस की सारी नीतियां मुस्लिम परस्त थी। विभाजन के बाद क्या हुआ? पश्चिम पाकिस्तान में हिंदू महासभा का थोड़ा बहुत कार्य था। उसके अनेक कार्यकर्ता भारत आ गए। जो वहीं पर डटे रहे, उनका भी मनोबल टूटा हुआ था। इसलिए 1950 के आते-आते, पश्चिम पाकिस्तान से हिंदू महासभा का अस्तित्व समाप्त हो गया। तुलना में पूर्व पाकिस्तान में हिंदू महासभा की कुछ ताकत थी। अविभाजित बंगाल में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और निर्मल चंद्र चटर्जी जैसे ताकतवर नेता, हिंदू महासभा के पास थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण ही बंगाल का विभाजन होकर पश्चिम बंगाल भारत में आ सका। अन्यथा पूरा बंगाल पाकिस्तान में मिलाने की बात हो रही थी। किंतु पूर्वी पाकिस्तान बनने के बाद वहां पर हिंदू महासभा का कोई खास अस्तित्व नहीं रहा। 1950 में ढाका, बारिसाल, खुलना और अन्य क्षेत्रों में हिंदू विरोधी दंगे हुए। इन दंगों के कारण, या तो हिंदू समाज ने पलायन किया, या वह दबकर रह गया। अर्थात, पूर्व और पश्चिम पाकिस्तान, दोनों में अच्छी खासी संख्या होने के बावजूद भी हिंदू समाज राजनीतिक ताकत के रूप में सामने नहीं आया। दुनिया में शक्ति को ही सब प्रणाम करते हैं। हिंदू यह राजनीतिक या सामाजिक शक्ति के रूप में नहीं रहा, तो स्वाभाविक था, उन पर अत्याचार बढ़ते गए। आज बांग्लादेश में हिंदुओं के कुछ सामाजिक संगठन हैं। सन 2006 में कुछ हिंदू संगठनों ने मिलकर 'हिंदू महजोट' बनाया। किंतु इसकी गतिविधियां सीमित थी। राजनीतिक शक्ति नहीं थी। अधिकतम हिंदू, शेख हसीना सरकार की अवामी लीग को समर्थन देते थे। 2024 में अवामी लीग का तख्तापलट होने के बाद, हिंदुओं पर जबरदस्त अत्याचार हुए। किंतु 'हिंदू महजोट' ने प्रारंभ में उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध माना। इसलिए हिंदू समाज से अपेक्षित प्रतिकार नहीं खड़ा हुआ। किंतु कल का आंदोलन अपवाद था।

# आयात निर्भरता होगी कम, 100 उत्पाद किये जाएंगे चिन्हित

**पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किये गये हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

आयात निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। देश में आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तो इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का आयात 100 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पहली बार पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम, मेड इन इण्डिया और वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने को कटिबद्ध हैं। पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किये गये हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके लिए 6 क्षेत्र विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा एक मोटे अनुमान के अनुसर 500 आयात होने वाले प्रमुख उत्पादों का अध्ययन किया जाएगा और इनमें से पहले चरण में 100 उत्पादों का चयन किया जाएगा। इन 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाया जाएगा ताकि विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो सके। देश में 2025-26 में 7.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 775 अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पाद आयात हुए हैं। इनमें भी 18 प्रतिशत की विकास दर के साथ सर्वाधिक 116 अरब डॉलर के इलेक्ट्रोनिक उत्पाद आयात किये गये हैं। देश में प्रमुखतः 6 क्षेत्रों में आयात हो रहा है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बायोटेक, मेडिकल क्षेत्र, रसायन और पेट्रो केमिकल, कपड़े, जूते आदि सेक्टर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन ईवी और पूजीगत सामानों का आयात सेक्टर, उर्जा क्षेत्र, निर्माण और संरचना क्षेत्र और रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रोनिक्स आदि सेक्टर है। यह कमेटी इन सेक्टरों के 500 प्रमुख उत्पादों में से 100 उत्पाद चिन्हित करेंगी जिनका उत्पादन देश में बढ़ाया जा सके और आयात में निर्भरता को कम किया जा सके। कमेटी ने काम आरंभ कर दिया है। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि कमेटी को 3 सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह है कि सरकार सर्वाधिक आयात होने वाले 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाने के लिए संकल्पित है। दरअसल, प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात हवा में नहीं करते रहे हैं। मेड इन इंडिया और इसकी ब्रॉण्डिंग की बात के पीछे आयात को कम करने और भारतीय उत्पादों की विदेशों में पहचान बनाने और बाजार विकसित करने में हैं। इसी दिशा में बढ़ता एक कदम सरकार को एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम है। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान रही है। आगे भी इसके ठोस प्रयास करने होंगे। दूसरी यह कि आयात का सीधा अर्थ है कि इन उत्पादों की हमारे देश में काफी मांग है और इस मांग की पूर्ति नहीं हो पर रही है और विदेशों से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से आयात घटाने, स्थानीय आवश्यकता की देश में ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है और सरकार के इन प्रयासों में यही परिलक्षित हो रहा है। किसी भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए आयात पर निर्भरता कम होनी चाहिए। देश में ही उत्पादन होने लगता है तो एक और विदेशी मुद्रा की बचत होती है तो दूसरी और देश में ही रोजगार, निवेश और सरकारी राजस्व के साथ ही इकोनोमी का बूस्ट मिलता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना सहित अनेक कदम उठाने जा रही है। इसे इस दृष्टि से शुभ संकेत व सरकार की गंभीरता के रुप में समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव योजना लागू की है। इसमें इलेक्ट्रोनिक्स, फार्मा, ऑटोमोबाइल, रसायन सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव के दायरें में लाया गया है। इसके साथ ही देश में आरएण्डी सेल बनाकर शोध एवं अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा विदेशों से आयात कर डंपिंग पर रोक लगाने के लिए एंटीडंपिंग शुल्क लगाने के साथ ही योजनाबद्ध तरीके से मेड इन इंडिया को प्रोत्साहित किये जाने पर जोर दिया जा रहा है। देश को आर्थिक दृष्टि से सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए आयात पर निर्भरता तो कम करनी ही होगी। आज विदेशी के नाम पर देशवासियों खासतौर से अमीर लोगों की खरीद की प्रवृति को भी बदलने की आवश्यकता है। माना जाना चाहिए कि उद्योग सचिव की कमेटी द्वारा 100 उत्पादों के चिन्हिकरण और ठोस योजना के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और सरकार द्वारा भी कमेटी की सिफारिश के अनुसार चिन्हित 100 उत्पादों के उत्पादन बढ़ाने की खासतौर से स्थानीय मांग की पूर्ति की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करना होगा। इसके लिए आवश्यक किसी भी तरह का सहयोग की आवश्यकता हो तो सरकार को खुले दिल से आगे आना होगा। इससे सबसे बड़ा लाभ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यहां के युवा एंटरप्रोन्योर बनेंगे, बाजार में सभावनाएं विकसित होगी और इकोनोमी को बूस्ट मिलेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बद्रीनाथ धाम शीतकाल में बंद होंगे कपाट, जानें क्यों

हर साल सर्दियों के मौसम की शुरूआत में बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद हो जाते हैं। क्योंकि इस क्षेत्र में भारी बर्फबारी होती है और मौसम बेहद सर्द हो जाता है। कपाट बंद होने की डेट हर साल दशहरा के बाद घोषित की जाती है। यह एक अहम धार्मिक घटना होती है। जब मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं, तब भगवान बद्री विशाल की पूजा की जाती है। ऐसे में अब आपने मन में यह सवाल होगा कि बद्रीनाथ के कपाट बंद हो जाते हैं, तो बद्री विशाल की पूजा कहां होती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बर्फबारी के दौरान भगवान बद्री विशाल के पूजा को स्थानातंरित कर दिया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कपाट बंद होने के बाद बद्री विशाल की पूजा कहां होती है।

**कहां होती है बद्रीविशाल की पूजा**



बता दें कि जब बद्रीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो जाते हैं, तो भगवान बद्री विशाल की पूजा की व्यवस्था को उनके शीतकालीन गद्दी स्थल पर स्थानांतरित कर दी जाती है। सर्दियों में बद्री विशाल की पूजा जोशीमठ स्थित श्री नरसिंह मंदिर में की जाती है। इस दौरान बद्रीनाथ मंदिर से भगवान के प्रतिनिधि के तौर पर कुबेर जी और उद्धव जी की डोली भी जोशीमठ लाई जाती है। सदियों पुरानी इस परंपरा का पालन करते हुए मुख्य पुजारी और अन्य लोग एक विशेष धार्मिक यात्रा के तहत भगवान की गद्दी को जोशीमठ लेकर जाते हैं। वहीं इस दौरान श्रद्धालु श्री नरसिंह मंदिर में बद्री विशाल की पूजा और दर्शन कर सकते हैं।

## टिप्स

### गर्मी में रोज पिएं छाछ, पेट की इन 5 गंभीर समस्याओं से मिलेगी राहत

समर सीजन में कुछ हल्का खाने का और ठंडी-ठंडी कोल्ड ड्रिंक मिल जाए, तो मजा आ जाता है। असल में छाछ सिर्फ एक ट्रेडिशनल ड्रिंक नहीं बल्कि एक सुपरड्रिंक है, जो गर्मियों के मौसम में सबसे ज्यादा सेवन की जाती है और यह शरीर को स्वस्थ रखती है। इस समय लोग छाछ को पीना पसंद करते हैं, जो गर्मियों में एक बेहतरीन नेचुरल ड्रिंक मानी जाती है। छाछ को रोजाना ड्रिंक करने से आपके पेट से लेकर लिवर तक सपोर्ट प्रदान होता है। आइए आपको छाछ पीने के फायदे के बारे में बताते हैं।

**छाछ के फायदे** : जब गर्मियों में तापमान बढ़ता है और हीटस्ट्रोक के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं काफी देखने को मिलती है। इस दौरान ब्लोटिंग, एसिडिटी, पाचन गड़बड़ होना और थकान जैसी तकलीफें लेकर भी लोग अस्पताल तक पहुंच जाते हैं। आइए आपको छाछ पीने के फायदे बताते हैं-

**गट हेल्थ के लिए फायदेमंद** : इस मौसम में गल्ट संबंधित कई परेशानियां झेलनी पड़ती है। रिसर्च के अनुसार, गर्मी के कारण आपकी आंतों में बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ जाता है और लैक्टोबैसिस जैसे अच्छे बैक्टीरिया कम हो सकते हैं। माना जाता है कि छाछ पीना आपके गट के लिए काफी बेहतर होता है और यह एक स्टेबलाइजर की तरह काम करता है। दरअसल, छाछ में मौजूद जीवित लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया भरपूर होता है। यह सक्रिय रुप से हानिकारक स्ट्रेस से लड़ते हैं और आपके पेट को अधिक प्रोटेक्टिव म्यूकस बनाने का संकेत देते हैं। इसलिए गर्मियों में अपनी गट को नेचुरल शील्ड प्रदान करने के लिए छाछ सेवन जरुर करें।

**एसिड रिफ्लक्स को नियंत्रित करती है छाछ** : छाछ का सेवन केवल पाचन को बेहतर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीने में जलन और एसिड रिफ्लक्स जैसी समस्याओं में भी लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक गुण पेट में बनने वाले अतिरिक्त अम्ल को नियंत्रित करने में सहायता करते हैं। इसके अलावा, छाछ पाचन प्रक्रिया को सक्रिय बनाकर पेट से भोजन को समय पर आगे बढ़ाने में मदद करती है। जब भोजन लंबे समय तक पेट में नहीं ठहरता और आसानी से आंतों तक पहुंच जाता है, तो अम्ल के वापस भोजन नली की ओर आने की आशंका काफी कम हो जाती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों का मिला प्रशिक्षण

संवाददाता

**साहिबगंज:**भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के सफल पारदर्शी एवं प्रभावी संचालन को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनांक 22 एवं 23 जून 2026 को बीएलओ बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दुबे द्वारा साहिबगंज सदर प्रखंड में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।प्रशिक्षण के दौरान



बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित अवधि में सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाना है, तदोपरांत प्राप्त हस्ताक्षरित गणना प्रपत्रों के आधार पर योग्य मतदाताओं को स्क्र-2026 की प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया और गणना प्रपत्र वितरण संग्रहण का कार्य पूरी गंभीरता पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे ।प्रशिक्षण में एएसडीडीएफ मतदाताओं की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया।कि एएसडीईएफ मतदाताओं की सूची का प्रकाशन इसुआई-एनइटी जिला प्रशासन की वेबसाइट तथा संबंधित मतदान केंद्रों पर भी किया जाएगा, ताकि सभी नागरिकों को इसकी जानकारी उपलब्ध हो सके और आवश्यक आपत्तियां एवं दावे समय पर प्राप्त की जा सकें।उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। मतदाता सूची की शुद्धता एवं अद्यतनता लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन करने । निर्देश दिया। इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में उपस्थित होकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कार्य करने तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें तथा गणना प्रपत्र से संबंधित आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि कोई भी योग्य मतदाता छूटे न जाए एंव कोई भी अयोग्य वयक्ति सम्मिलित न हो जाए।

# आरपीएफ की सतर्कता और सूझ बूझ से इन तस्करों के मंसूबे नाकाम

संवाददाता

साहिबगंज/बरहरवाः ट्रैन के माध्यम से बिहार राज्य के तस्करों द्वारा अवैध रूप से शराब की तस्करी का खुलाशा लगातार आरपीएफ द्वारा की जा रही है साथ ही गिरफ्तारी भी हो रही है फिर भी ये शिलशिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।परंतु बरहरवा आरपीएफ की सतर्कता और सूझ बूझ से इन तस्करों के मंसूबे नाकाम हो रहे है।और इसी क्रम में उन्हें पुनः सफलता मिली है।बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को मिले गुप्त सूचना के आधार पर बरहरवा स्टेशन परिसर के वेटिंग हॉल के पास से 47.160 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को आरपीएफ टीम ने गिरफ्तार किया हैं.आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया गुप्त सूचना के सत्यापन के लिए



छापेमारी दल का गठन किया गया जिसके बाद एएसआई जेके दुबे,मृत्युंजय कुमार अनिल कु.साह,अजय कुमार एवं अमित धर चौधरी के साथ संयुक्त रूप से आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में बरहरवा स्टेशन वेटिंग हॉल के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पाया गया।पूछताछ करने पर वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके तथा टालमटोल एवं संदिग्ध व्यवहार करने लगे।उनसे उनके बैग दिखाने को कहा गया,किंतु उन्होंने बैग दिखाने से इंकार किया तथा चेकिंग टीम से बहस करने लगे।तत्पश्चात यात्रियों की उपस्थिति में उनके सामान की गहन तलाशी ली गई. दोनों व्यक्ति के साथ बैग से कुल 47.160 लीटर शराब बरामद किया गया.जिसमे ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की 180 मि.ली.क्षके, 262 पाउच बरामद किया गया. पूछताछ मे दोनों व्यक्ति ने अपना नाम परशुराम राय उम्र-30 वर्ष),पिता-स्व.आनंदी राय,निवासी-राजौरा,थाना-मुफस्सिल जिला बेगूसराय बिहार व विकेश ठाकुर उम्र-39 वर्ष पिता अरुण ठाकुर, निवासी-खम्हार,थाना-मुफस्सिल, जिला-बेगूसराय बिहार का रहने वाला बताया।तत्पश्चात बाद गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को जब्त विदेशी शराब,जब्ती सूची,गिरफ्तारी ज्ञापन एवं लिखित शिकायत के साथ उपनिरीक्षक उत्पाद विभाग,साहिबगंज दीपक कश्यप को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया दिया है।वहीं बरहरवा इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा की रेल परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ऐसी गतिविधियों के नियंत्रण हेतु स्टेशन परिसर में लगातार जाँच अभियान एवं कार्यवाही जारी रहेगी।

## 185 छात्र-छात्राओं के आधार से संबंधित कार्यों का हुआ सफल निष्पादन



संवाददाता

**साहिबगंजः** विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा विभिन्न शैक्षणिक व सरकारी योजनाओं में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, साहिबगंज द्वारा दिनांक 22 जून 2026 से 03 अगस्त 2026 तक जिले के सभी विद्यालयों में विशेष आधार अपडेशन व बायोमेट्रिक अपडेट शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान के अंतर्गत आज जिले के सभी प्रखंडों में चयनित 14 विद्यालयों में आधार अपडेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों के आधार में आवश्यक संशोधन बायोमेट्रिक अद्यतन व अन्य आधार संबंधी कार्य किए गए। अभियान के अंतर्गत आज कूल 185 छात्र-छात्राओं के आधार से संबंधित कार्यों का सफल निष्पादन किया गया।जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र विद्यार्थियों का आधार अद्यतन समयबद्ध एवं सुगमता से पूर्ण हो, जिससे उन्हें शिक्षा, छात्रवृत्ति एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। यह विशेष अभियान जिले के विद्यार्थियों के डिजिटल सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## संघ के नियम और उद्देश्यों के बारे में जानकारी गांव के लोगों को बताना है : संजय

संवाददाता

**साहिबगंजः**केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुई।इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित ट्रेनर के रूप में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय सहायक मंत्री रविकांत ठाकुर,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी एवं गणेश ठाकुर उपस्थित हुए।प्रशिक्षण शिविर मे सभी सदस्य ने भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर मालाअर्पण श्रद्धांजलि अर्पित किए।प्रशिक्षण शिविर को केंद्रीय सहायक मंत्री रविकांत ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा की संगठन को मजबूती के लिए संघ के नियम और उद्देश्यों के बारे में जानकारी गांव के लोगों को



बतलाना।वही केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी ने कहा की संघ के दिशा निर्देश में चलकर श्रमिक संगठन को मजबूती प्रदान करना और अनुशासन बनाए रखना।केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए कोर्स की आवश्यकता पड़ती है।इसके बिना सफल संचालन के लिए संभव नहीं है सभी कार्यकताओं से अपील करते कहना है कि सदस्य शुल्क संघ के नियमों के रूप जमा करें।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की श्रम कानून और सरकार के द्वारा लोक कल्याणकारी योजना के विशेष जानकारी दी है।मौके पर प्रीतम कुमार पियूष,मोहम्मद इमाम,बिस्वास, मोहम्मद निजामुद्दीन तरुण शाह शौकत शेख मोहम्मद बदरुद्दीन रिंकू शेख राकेश महतो रणधीर प्रसाद चौरसिया, सैयद अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## फाइनल में एएफसी सकरीगली ने 2- 0 से घोघी पहाड़ को पराजित कर विजेता बना

संवाददाता

साहिबगंजःखेलकूद और युवा कार्य विभाग झारखंड,रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम साहेबगंज में आदिम जनजाति फुटबॉल टीमों घोघी , दारुम पहाड़, पोखरिया पहाड़ व एफ सी सकरीगली के बीच मैच आयोजित किया गया प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा फुटबॉल जर्सी पैंट उपलब्ध कराया गया।फुटबॉल पुरुष फुटबॉल के फाइनल में ए एफ सी सकरीगली ने 2- 0 से घोघी पहाड़ को पराजित कर विजेता बना।

**एथलेटिक्स परिणाम**

जेवलिन थ्रो महिला प्रथम



काजल मुंडा ,द्वितीय बेबी मुंडा तृतीय रितिका मुंडा,शॉटपुट पुरुष ,प्रथम मो अली द्वितीय चंदन रजवार तृतीय सामू मरांडी ,शॉटपुट महिला,प्रथम काजल कुमारी,द्वितीय हीरा हेंब्रम, तृतीय बेबी कुमारीओलंपिक अभियान पेंटिंग,बालिका प्रथम निशा कुमारी द्वितीय प्रतिज्ञा कुमारी,तृतीय संजना कुमारी,पेंटिंग बालक प्रथम अमन कुमार ,द्वितीय अंश राज तृतीय अंगद यादव हुआ इस अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फुटबॉल किक कर मैच का उद्घाटन जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने किया। मौके पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष,जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, कोच योगेश यादव, अशोक साहनी , सुरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# 25 जून से श्री सम्मेदशिखर तीर्थराज के गुणायतन में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव प्रारंभ

### पंचकल्याणक मात्र आयोजन नहीं, जीवन रूपांतरण का विज्ञान है–मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज

मेट्रो रेज संवाददाता

कोडरमा/गिरीडीह : तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर जी स्थित गुणायतन परिसर में 25 जून से 30 जून तक 1008 भगवान जिनेन्द्रदेव का भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य राष्ट्रसंत मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। इस महाआयोजन में पूरे भारतवर्ष एवं झारखंड के



झुमरीतिलैया रांची धनबाद हजारीबाग रामगढ़ गिरिडीह आदि जिलों से सैकड़ो श्रद्धालु भक्तजन भाग लेंगे

गुणायतन मध्य भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं गुणायतन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी झुमरीतिलैया के वीरेंद्र जैन छावड़ा ने बताया कि 24 जून को प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अशोक भैया एवं बाल ब्रह्मचारी अभय भैया के निर्देशन में प्रमुख पात्रों का चयन किया जाएगा। 25 जून को ध्वजारोहण एवं मंडप उद्घाटन के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ होगा तथा गर्भ कल्याणक की क्रियाएं संपन्न होंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जून को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध, 27 जून को जन्म कल्याणक, 28 जून को तप एवं दीक्षा कल्याणक, 29 जून को केवलज्ञान कल्याणक तथा 30 जून को मोक्ष कल्याणक के साथ महोत्सव का समापन होगा।प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। सुबह 8:45 बजे से मुनिश्री की धर्मदेशना, दोपहर में मंचीय कार्यक्रम तथा सायं 6 बजे से शंका समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात मंगल आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि पंचकल्याणक को केवल धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं देखना चाहिए। यह मानव जीवन के आध्यात्मिक रूपांतरण का विज्ञान है, जिसमें गर्भ से लेकर जन्म, वैराग्य, दीक्षा, केवलज्ञान और मोक्ष तक की संपूर्ण यात्रा का दर्शन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में अनेक भौतिक उपलब्धियां प्राप्त करता है, लेकिन वे सब एक दिन यहीं रह जाती हैं। वास्तविक उपलब्धि आत्मबोध और आत्मकल्याण है। तीर्थंकरों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें भी बाह्य वैभव के मोह से ऊपर उठकर आत्मा की शुद्धि और गुणों के विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। मुनिश्री ने कहा किपंचकल्याणक महोत्सव का मूल उद्देश्य आत्मदृष्टि को जागृत करना है। व्यक्ति स्वयं को पहचाने, अपने जीवन के उद्देश्य को समझे और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि वास्तविक वैभव धन नहीं, बल्कि गुणों का वैभव है। ह्लजीवन को अर्थ दीजिए, इसे व्यर्थ न गंवाइएह्व का संदेश देते हुए मुनिश्री ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है। यदि इसे आत्मशुद्धि और आत्मोन्नति के लिए नहीं लगाया गया, तो यह अवसर व्यर्थ चला जाएगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत



**साहिबगंज /बरहरवा**: भीषण गर्मी में अचानक से भारी बारिश से लोगों को तो राहत मिली,परंतु इस बारिश के बीच अचानक कड़कड़ाहट की गूंज से साथ आकाशीय बिजली गिरी और एक परिवार झटके में बिखर गया।मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखंड के सतगाछी पंचायत के मलिन गाँव में अचानक आकाशीय बिजली गिरने से 35 वर्षीय अर्जुन साहा की मौके पर मौत हो गई।इस खबर से परिवारजनों के साथ साथ पूरे गाँव में मातम से छा गया।मृतक अर्जुन साहा अपने पीछे पत्नी और 5 वर्ष के पुत्र को पीछे छोड़ गए है इस घटना से परिजनों में दु:खो का पहाड़ टूट पड़ा है।

### प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बन सकते है : राजहंस



**साहिबगंज**:भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 14 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जेलर सुप्रीडेंट ऑफ पुलिस परमेश्वर भगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सह आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक और आईटीआई के वरीय संकाय राजहंस कुमार संकाय उपेंद्र गोप वनपालसी सरकार ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए जेलर सुप्रीडेंट ऑफ पुलिस ने कहा प्रशिक्षण एक कडी है जो देश और समाज का , प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन एक जिम्मेदार नागरिक बन सकते है और बेरोजगारी दूर कर सकते है ।मौके पर आसेटीं के आकाश कुमार,नीरज ठाकुर, सुरेन्द्र , तौफिक आलम उपस्थित थे इस कार्यक्रम में आजीविका सखी मंडल साहिबगंज पलाश के 9 प्रखंडों से आए कुल 25 प्रशिक्षुओं ने भाग लिये। यह कार्यक्रम 5 जुलाई तक जारी रहेगी।

### दिशोम गुरु पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना झारखंड के लिए गौरव की बात : संजय सेठ

रांची : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के युगपुरुष एवं दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक महान जननायक का नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और गौरव का सम्मान है। श्री सेठ ने कहा कि दिशोम गुरु ने अपने पूरे जीवन में समाज को नशामुक्ति, शिक्षा, स्वावलंबन और कृषि से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनका संघर्षपूर्ण जीवन अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। वे सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए दिशोम गुरु द्वारा किया गया त्याग एवं संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिशोम गुरु को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रत्येक झारखंडवासी के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। श्री सेठ ने दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति शत–शत नमन किया।

### झारखंड को मिल सकती है पहली अमृत भारत वर्जन 3.0 ट्रेन की सौगात :अरुण जोशी

रांची : झारखंड के रेल यात्रियों के लिए जल्द ही एक बड़ी खुशखबरी सामने आ सकती है। रेलवे से प्राप्त संभावित जानकारी के अनुसार राज्य को पहली बार अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ह्लअमृत भारत वर्जन 3.0ह्व ट्रेन मिलने की संभावना है। यह ट्रेन अजमेर से रांची के बीच वाया जयपुर संचालित किए जाने की संभावना है। इसकी आधिकारिक घोषणा भारतीय रेलवे द्वारा शीघ्र किए जाने की उम्मीद है। यह जानकारी दक्षिण पूर्व पूर्व रेलवे जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे को अमृत भारत वर्जन 3.0 का नया रैक प्राप्त हो चुका है तथा अजमेरझ्रजयपुरझ्ररांची रेलखंड पर यात्रियों की बढ़ती मांग और लंबी दूरी की बेहतर कनेक्टिविटी को देखते हुए इस मार्ग को प्राथमिकता मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत वर्जन 3.0 ट्रेन आधुनिक तकनीक और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें प्रथम वातानुकूलित, द्वितीय वातानुकूलित, तृतीय वातानुकूलित, स्लीपर, जनरल कोच तथा पेंट्री कार की सुविधा रहने की संभावना है। इसके अलावा ट्रेन में झटका रहित सेमी–ऑटोमैटिक कपलर, आधुनिक इंटीरियर, अधिक लेगरूम, उन्नत शौचालय, सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे यात्रियों को कम खर्च में प्रीमियम श्रेणी जैसा यात्रा अनुभव मिल सकेगा। इस रेल सेवा के प्रारंभ होने से झारखंड और राजस्थान के बीच सीधा रेल संपर्क और अधिक मजबूत होगा। रांची, जयपुर एवं अजमेर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों, व्यवसायियों एवं पर्यटकों को इसका व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे द्वारा जल्द ही इस ट्रेन के परिचालन, समय–सारणी एवं अन्य विवरणों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### ट्रेजरी घोटाले को दबाने को हो रहा प्रयास : प्रतुल शाहदेव

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य में हुए हजारों करोड़ के ट्रेजरी घोटाले को सुनियोजित तरीके से दफन करने का प्रयास जारी है। जांच शुरू हुए दो महीनों से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक केवल छोटी मछलियों को पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है। प्रतुल ने कहा कि अकाउंटेंट जनरल को राज्य सरकार ने स्पेशल ऑडिट की अनुशंसा की। परंतु 2 महीने के बाद भी अकाउंटेंट जनरल के कार्यालय द्वारा मांगे गए कागजात को जमा नहीं किया गया है। यह साफ घोटाले को दफन करने की साजिश का हिस्सा है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि स्वयं राज्य के वित्त मंत्री ने स्वीकार किया था कि लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के खजाने का हिसाब नहीं मिल रहा है। ट्रेजरी घोटाले जैसे बड़े वित्तीय अनियमितता के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले किसी भी ट्रेजरी पदाधिकारी को अब तक न तो हटाया गया है और न ही उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई की गई है। इससे साफ प्रतीत होता है कि सरकार बड़े दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन खातों को फ्रीज किया गया है, वे भी अत्यंत छोटे पदों पर कार्यरत लोगों से जुड़े हैं, जबकि पूरे मामले के असली बड़े रसूखदारों तक जांच की आंच पहुंचती दिखाई नहीं दे रही है। अभी तक जांच रिपोर्ट आने के भी कोई संकेत नहीं हैं। सरकार जानबूझकर मामले को लंबा खींच रही है ताकि समय के साथ यह घोटाला दब जाए और जनता का ध्यान इससे हट जाए।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**डॉ मुखर्जी ने देश को नई वैचारिक दिशा दिया : आदित्य साहू**

**रांची** : भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय एवं मुखर्जी पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा–सुमन अर्पित किया गया।
इसके अलावा राज्य भर के मंडलों में भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर पार्टी के वरीय नेताओं और कार्यकताओं ने राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता में उनके बहुमूल्य योगदान को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।
मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के लिए समर्पित रहा। राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए देश को एक नई वैचारिक दिशा प्रदान करने का काम किया। एक देश में ह्लदो विधान, दो प्रधान और दो निशानह्व नहीं चलेंगे के संकल्प के साथ जम्मू–कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनका संघर्ष और राष्ट्रहित में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। राष्ट्र की अखंडता, एकता और राष्ट्रीय वाभिमान के लिए उनका संघर्ष एवं समर्पण सदैव प्रेरणादायक रहेगा। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्र के प्रति डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का समर्पण, त्याग और संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन हमें राष्ट्रसेवा के मार्ग पर दृढ़ता और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# महिला टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी जीत, पाकिस्तान को 113 रन से रौंदा

एजेंसी

**लीड्स :** एलिस पेरी की शानदार अर्धशतकीय पारी और घातक गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार देर रात महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है, जबकि पाकिस्तान को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 13.4 ओवर में मात्र 86 रन पर सिमट गई।



ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत झटके के साथ हुई जब बेथ मूनी बिना खाता खोले आउट हो गईं, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। पेरी ने 48 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक शॉट शामिल रहे। जॉर्जिया वोल ने 39 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से नशरा संधू और सादिया इकबाल ने दो-दो विकेट लिए, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बड़े स्कोर से नहीं रोक सकीं। 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। दूसरे ही ओवर में गुल फिरोजा रन आउट हो गईं। पाकिस्तान की पारी में कुल तीन बल्लेबाज रन आउट हुए, जिससे टीम कभी मुकाबले में लौट नहीं सकी। मुनीबा अली ने 32 रन और फातिमा सना ने 17 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके।

एलिस पेरी ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल दिखाया और केवल एक ओवर में 9 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। सोफी मोलिन्यू ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने भी दो सफलताएं हासिल कीं।

पाकिस्तान की टीम 86 रन पर ढेर हो गई और ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला 113 रन से जीत लिया।

अब ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला भारत से होगा, जबकि पाकिस्तान अपनी पहली जीत की तलाश में नीदरलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगा।

**संक्षिप्त स्कोर:**

**ऑस्ट्रेलिया :** 199/7 (20 ओवर) एलिस पेरी 71, जॉर्जिया वोल 39 नशरा संधू 2/33, सादिया इकबाल 2/31

**पाकिस्तान :** 86 ऑल आउट (13.4 ओवर)



## कुब्रा ने ADHD के साथ अपने अनुभव पर की बात, कहा -

# बचपन में मुझे 'ड्रामेबाज़' कहा जाता था

अभिनेत्री कुब्रा सैत ने एक बार फिर मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरोडायवर्सिटी पर अहम चर्चा छेड़ते हुए एडीएचडी (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) के साथ अपने अनुभव को बेहद ईमानदारी और सहज अंदाज़ में साझा किया है। अपने खास हास्य और बेबाकी के साथ उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें अक्सर 'ड्रामेबाज़' और 'बेपरवाह' कहा जाता था, क्योंकि उनका मन हमेशा कल्पनाओं की दुनिया में खोया रहता था। वीडियो में कुब्रा कहती हैं, 'बचपन में मुझे तीन बातें बार-बार सुनने को मिलती थीं, 'कुब्रा, तुम बहुत ड्रामेबाज़ हो', 'तुम्हारा ध्यान कहीं और रहता है', 'ज़रा ध्यान दो।' जब बाकी बच्चे मैथ्स की क्लास में सवाल हल कर रहे होते थे, तब मैं अपने दिमाग में मर्डर मिस्ट्री की कहानी बुन रही होती थी, फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने पर स्पीच की रिहर्सल कर रही होती थी, अपने भविष्य के पति और मां के बीच बहस की कल्पना कर रही होती थी और लंच से पहले ही तीन आवारा बिल्लियों को बचा चुकी होती थी। वह आगे बताती हैं कि बड़े होने पर उन्हें पता चला कि उन्हें एडीएचडी है और तभी उन्हें ज़िंदगी की कई बातें समझ आने लगीं।

### 'मैंने तो सिर्फ एक मैसेज का जवाब देने के लिए फोन उठाया था

वे कहती हैं, 'अधूरे रह जाने वाले प्रोजेक्ट्स, किसी एक काम में घंटों तक पूरी तरह डूब जाना, ब्राउज़र में 57 टैब खुले रखना, कमरे में क्यों आई थी यह भूल जाना, लेकिन 2009 में किसी ने क्या पहना था, किसने तारीफ की थी या किसने क्या कहा था, यह सब याद रहते थे। मज़ेदार बात यह है कि यही दिमाग कभी अपनी चाबियां खो देता है, लेकिन नई दुनिया रच सकता है, कहानियां लिख सकता है, बिज़नेस शुरू कर सकता है, कॉमेडी लिख सकता है और कभी-कभी रात के दो बजे ऑनलाइन शॉपिंग भी कर लेता है, क्योंकि उस समय वह चीज़ उसे आध्यात्मिक रूप से ज़रूरी लगती है।' एडीएचडी को चुनौती और ताकत दोनों बताते हुए कुब्रा कहती हैं, 'सच कहूँ तो यह थका देने वाला है, अराजक है, महंगा भी पड़ सकता है, लेकिन यह एक सुपरपावर भी है। वीडियो के अंत में अपने चिर-परिचित मज़ाकिया अंदाज़ में वह कहती हैं, 'मैंने तो सिर्फ एक मैसेज का जवाब देने के लिए फोन उठाया था, लेकिन पता ही नहीं चला कि कब यह पूरी रील बना डाली। लेकिन कंटेंट तो अच्छा बन गया!' अपनी इस ईमानदार और प्रेरणादायक बातचीत के ज़रिए कुब्रा सैत ने न्यूरोडायवर्सिटी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश एक बार फिर दिया है। उन्होंने बताया कि एडीएचडी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन अगर इसे सही तरीके से समझा और अपनाया जाए, तो यही व्यक्ति की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और दृढ़ता की सबसे बड़ी ताकत भी बन सकता है।

# फीफा विश्व कप 2026 : पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से रौंदा,रोनाल्डो ने दागे दो गोल

एजेंसी



**ह्यूस्टन :** पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मंगलवार को दो गोल दागकर अपनी टीम को फीफा विश्व कप 2026 में उज्बेकिस्तान पर 5-0 की एकतरफा जीत दिलाई। इस शानदार जीत के साथ पुर्तगाल नॉकआउट चरण में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गया है। 41 वर्षीय रोनाल्डो ने मुकाबले के छठे मिनट में गोल कर इतिहास रच दिया। वह विश्व फुटबॉल के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने छह अलग-अलग विश्व कप अभियानों में गोल करने का कारनामा किया है। उनका यह सफर 2006 विश्व कप से शुरू हुआ था। रोनाल्डो ने गोल करने के बाद अपना प्रसिद्ध ₹सियू₹ उत्सव मनाया और स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों का अभिवादन किया। इसके बाद नूनो मेंडेस ने 17वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर पुर्तगाल की बढ़त 2-0 कर दी। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर टीम को 3-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ उनके विश्व कप में कुल 10 गोल हो गए, जो किसी भी पुर्तगाली खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक गोल हैं। उज्बेकिस्तान की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती नजर आई। इटली के पूर्व विश्व कप विजेता फाबियो कानावारो के मार्गदर्शन में खेल रही टीम पुर्तगाल के आक्रामक खेल का मुकाबला नहीं कर सकी। पहले हाफ में ही पुर्तगाल को चौथा गोल मिला, जब एक कॉर्नर के दौरान गेंद उज्बेकिस्तान के गोलकीपर अब्दुवोखिद नेमातोव से टकराकर गोल में चली गई और आत्मघाती गोल दर्ज हुआ। दूसरे हाफ में पुर्तगाल ने दबाव बनाए रखा और 87वें मिनट में राफाएल लेआओ ने शानदार गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया। मुकाबले के बाद रोनाल्डो ने कहा,मैं बहुत खुश हूं। लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण टीम का प्रदर्शन और हमारा आत्मविश्वास है। टीम ने शानदार खेल दिखाया और पिछले मैच की तुलना में काफी सुधार किया। व्यक्तिगत रिकॉर्ड अच्छे लगते हैं, लेकिन मेरा लक्ष्य हमेशा राष्ट्रीय टीम को उसके उद्देश्यों तक पहुंचाने में मदद करना है। पुर्तगाल ने अपने पहले मैच में लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो के खिलाफ 1-1 की निराशाजनक बराबरी खेली थी, लेकिन इस जीत के साथ उसने दमदार वापसी की है। अब पुर्तगाल का अंतिम ग्रुप मुकाबला शनिवार को कोलंबिया के खिलाफ होगा। वहीं कोलंबिया ने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया था।

संक्षिप्त स्कोर

पुर्तगाल 5-0 उज्बेकिस्तान

(क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2, नूनो मेंडेस 1, आत्मघाती गोल 1, राफाएल लेआओ 1)

# फीफा विश्व कप 2026 : घाना की मजबूत रक्षा के आगे बेबस हुआ इंग्लैंड, खेला गोलरहित ड्रॉ

मैसाचुसेट्स, 24 जून (हि.स.)। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप एल मुकाबले में घाना ने शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। बोस्टन स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ियों के कई प्रयास घाना की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति के सामने नाकाम रहे। हैरी केन और जूड बेलिंगहम की अगुवाई में इंग्लैंड ने पूरे मैच में आक्रमण करने की कोशिश की, लेकिन घाना के खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल दिखाते हुए कोई मौका नहीं दिया। इस ड्रॉ के साथ घाना के दो मैचों में चार अंक हो गए हैं और वह केवल बेहतर गोल अंतर के आधार पर इंग्लैंड से पीछे है। इंग्लैंड को मैच जीतने का सबसे बड़ा अवसर निर्धारित समय के अंतिम क्षणों में मिला। स्थानापन्न खिलाड़ी निको ओह्लराइली ने दाएं छोर से आए क्रॉस पर शानदार हेडर लगाया, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकराकर वापस आ गई। इसके बाद मिले मौके पर हैरी केन भी गेंद को गोल में नहीं पहुंचा सके और उनका शॉट बार के ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में इंग्लैंड के मुख्य प्रशिक्षक थॉमस टुखेल ने आक्रामकता बढ़ाने के लिए मॉर्गन रोजर्स और एबेरेची एजे को मैदान पर उतारा, लेकिन इससे भी टीम के खेल में कोई खास बदलाव नहीं आया।

## आमिर खान की तारीफ में बोले निर्देशक आर. एस. प्रसन्ना, आप एक लत की तरह हैं



**आमिर** खान की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'सितारे जमीन पर' की रिलीज को एक साल पूरा हो गया। शनिवार को फिल्म के डायरेक्टर आर. एस. प्रसन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' यानी आमिर खान की जमकर तारीफ की। प्रसन्ना ने उन्हें एक शानदार एक्टर और पूरा सपोर्ट सिस्टम बताया। आर. एस. प्रसन्ना ने कहा कि आमिर के साथ काम करना निश्चित रूप से फायदेमंद है। निर्देशक ने अपने आधिकारिक हैंडल पर 'आमिर खान के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, सबसे प्रतिभाशाली और स्नेही स्टार, अभिनेता, निर्माता और सपोर्ट सिस्टम के साथ 5 साल की एक असाधारण यात्रा। हर चीज के लिए धन्यवाद सर। आप सच में एक लत की तरह हैं। आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी 'सितारे जमीन पर' की कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले आमिर और अपर्णा पुरोहित द्वारा बनाई गई यह फिल्म आमिर की 2007 की फिल्म 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी जैसी है। यह 2018 की स्पैनिश फिल्म 'चैंपियंस' का आधिकारिक रीमेक है। सितारे जमीन पर' एक सस्पेंड किए गए बास्केटबॉल कोच गुलशन अरोड़ा (आमिर खान) की कहानी है। उन्हें सजा के तौर पर दिव्यांग खिलाड़ियों की एक टीम को टूर्नामेंट के लिए तैयार करने में मदद करके कम्युनिटी सर्विस करने के लिए कहा जाता है। फिल्म में जेनेलिया देशमुख मुख्य भूमिका में हैं।

## निकिता ने 'कबीर सिंह' को बताया करियर का टर्निंग प्वाइंट



शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने करियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी और बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया।

'कबीर सिंह' के बाद मुझे लेकर बदला लोगों का नजरिया

बात करते हुए निकिता ने 'कबीर सिंह' को अपने करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके करियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी।

## • पूजा चोपड़ा के जन्म पर ससुराल वालों ने रखी थी शर्त, मां ने किया खुलासा

# 'मार दो या अनाथालय में छोड़ दो'



**मिस** इंडिया 2009 और एक्ट्रेस पूजा चोपड़ा की मां ने पूजा के जन्म के बाद आए मुश्किल दौर की कहानी बताई है। रियलिटी शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' पर एक भावनात्मक बातचीत में पूजा की मां नीरा ने मेजबान राजीव खंडेलवाल से बातचीत के दौरान बताया कैसे उन्होंने सभी बाधाओं के बावजूद दो बेटियों की परवरिश की। बेटियों को सफलता मिलने से पहले तक यह दौर बहुत मुश्किलों से भरा रहा। शादी के बाद अपने शुरुआती वर्षों को याद करते हुए नीरा ने कहा, 'जब शादी हुई तो ससुराल बहुत अच्छा था, हम एक मिडिल क्लास परिवार थे।

शादी के बाद जब पहली बेटी हुई तब भी सबका रवैया ठीक-ठाक था। उसके बाद जब बेटी डेढ़ साल की हुई तो सास को कैंसर हुआ। उनको मैं नहलाते हुए ऐसे बोलती थी कि 'मम्मी सब ठीक हो जाएगा ना?' तो उन्होंने मुझसे कहा, 'अगर तुम्हारा बेटा हो जाएगा ना तो माहौल बहुत अच्छा हो जाएगा। कई साल बाद जब उनकी दूसरी बेटी पूजा चोपड़ा का जन्म हुआ, तो नीरा ने बताया कि कैसे जीवन में एक दर्दनाक मोड़ आया जिसने उन्हें अंदर से तोड़ दिया। उस कठिन दौर के बारे में उन्होंने खुलासा किया, 'मेरी बड़ी बेटी सात साल की हुई तो मुझे दूसरी बेटी हुई और वह उसको लेकर मेरे आसपास का माहौल काफी खराब हो चुका था। तीन दिन तक मुझे अस्पताल में कोई देखने को नहीं आया और कपड़े भी नहीं थे। आया चिल्लाती थी कि बच्चे ने गंदा कर दिया है।

# नेगेटिव कमेंट्स का असर खुद पर नहीं पड़ने देता : अनुपम खेर



**अभिनेता** अनुपम खेर ने सफलता, दृढ़ता और आलोचना का सामना करने के बारे में एक प्रेरक संदेश शेयर किया है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में अनुपम खेर बताया कि अब वे नेगेटिव कमेंट्स का खुद पर असर नहीं पड़ने देते। चुनौतियों के प्रति अपने जीवनभर के लगाव के बारे में बात करते हुए खेर ने कहा कि असली खुशी सिर्फ शिखर पर पहुंचने में नहीं, बल्कि मुश्किलों को पार करने के सफर में मिलती है। अपनी कई तस्वीरें शेयर करते हुए 'तन्वी द ग्रेट' के एक्टर ने लिखा, 'मुझे हमेशा से चढ़ाई करना पसंद रहा है। इसलिए नहीं कि मैं शिखर पर पहुंचना चाहता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि मुझे चढ़ाई की चुनौती पसंद है। रास्ता जितना मुश्किल होता है, ऐसी जगह पहुंचने पर उतनी ही अधिक खुशी मिलती है, जहां पहुंचने की आपने कभी उम्मीद नहीं की थी। हां, जब आप किसी खास मुकाम पर पहुंच जाते हैं, तो हमेशा ऐसे लोग होते हैं जो आपको नीचे खींचना चाहते हैं।

मप्र में आज से सेफ क्लिक 2.0 अभियान की शुरूआत

# मुख्यमंत्री दिखाएंगे साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी

- इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के साथ एमओयू, स्कूलों के लिए साइबर बुकलेट और जागरूकता वीडियो का होगा विमोचन

एजेंसी



**भोपाल :** डिजिटल युग में नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्यव्यापी ₹सेफ क्लिक 2.0₹ साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज बुधवार को होगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश पुलिस के इस विशेष अभियान का उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित विषयों के प्रति जागरूक करना है, ताकि नागरिक सुरक्षित साइबर व्यवहार अपनाकर स्वयं एवं समाज को साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकें। बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की उपस्थिति में बुधवार शाम रविन्द्र भवन भोपाल में आयोजित अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में साइबर जागरूकता रथ का फ्लैग ऑफ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई विशेष साइबर जागरूकता बुकलेट का भी विमोचन किया जाएगा, जिसका उपयोग प्रदेश के स्कूलों में जागरूकता गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर ₹सेफ क्लिक 2.0₹ अभियान के विशेष वीडियो का अनावरण भी किया जाएगा, जिसके माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, साइबर ठगी से बचाव एवं सतर्कता संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिए जाएंगे। समारोह के अंतर्गत मुख्यमंत्री के समक्ष साइबर सुरक्षा विषय पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो जनसामान्य को सरल एवं प्रभावी माध्यम से साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करेगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के विभिन्न जिलों में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों के संचालन हेतु तैयार साइबर जागरूकता रथ को मुख्यमंत्री द्वारा फ्लैग ऑफ किया जाएगा। यह रथ प्रदेशभर में भ्रमण कर नागरिकों तक साइबर सुरक्षा संबंधी संदेश पहुंचाएगा।

## मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक अब करीब, 2-3 दिन में होगी एंट्री, आज 42 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून प्रदेश की सीमा तक पहुंच चुका है और अगले 2 से 3 दिनों के भीतर बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते राज्य में प्रवेश कर सकता है। इस दौरान प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार सक्रिय रहेंगी। आज बुधवार को प्रदेश के 42 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं नरसिंहपुर जिले में हीटवेव की चेतावनी भी दी गई है। इसके अलावा ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर, शिवपुरी, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन और आगर-मालवा में गर्मी का प्रभाव बना रहने की संभावना है। बीते मंगलवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, बालाघाट में सवा इंच और रायसेन में करीब पौन इंच बारिश हुई। इसके अलावा धार, नर्मदापुरम, इंदौर, खरगोन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर, सिवनी, टीकमगढ़ और बड़वानी समेत कई जिलों में वर्षा का दौर चला। बारिश और तेज हवाओं के असर से दिन के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। खरगोन में 30.4 डिग्री, धार में 31 डिग्री, सिवनी में 32.2 डिग्री, छिंदवाड़ा में 35.3 डिग्री, बैतूल और मंडला में 35.5 डिग्री तथा रायसेन में 35.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। प्रदेश के प्रमुख शहरों में इंदौर का अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री, भोपाल का 32.2 डिग्री, ग्वालियर का 41 डिग्री, उज्जैन का 34.8 डिग्री और जबलपुर का 35.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं दतिया और सीधी सबसे गर्म जिले रहे, जहां अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### राज्य वित्त आयोग आज भोपाल संभाग के स्थानीय निकायों की करेगा समीक्षा

**भोपाल :** मध्य प्रदेश राज्य वित्त आयोग आज (बुधवार को) भोपाल संभाग के दौरे पर रहेगा। आयोग नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में भोपाल के सांसद, विधायक तथा दोनों निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ संभाग के अधिकारियों से भी सुझाव प्राप्त करेगा। आयोग के अध्यक्ष, जयभान सिंह पवैया, सदस्य के. के. सिंह, पदेन सदस्य, ऋषि गर्ग तथा सदस्य सचिव, वीरेन्द्र कुमार संभाग के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा की जायेगी। आयोग भोपाल संभाग के आयुक्त, भोपाल संभाग के जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति की विस्तृत समीक्षा करेगा। जनसंपर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि बैठक में निकायों के मूल दायित्वों, स्वच्छता, पेय-जल, विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा स्वयं के राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि के उपायों पर विचार विमर्श किया ।

## योगी सरकार की सौगात: कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के पद पर 3446 अभ्यर्थी चयनित

एजेंसी



**लखनऊ :** योगी सरकार में युवाओं को सरकारी सेवा के अपने सपने को पूरा करने का फिर अवसर मिला। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी पद पर 3446 अभ्यर्थियों को चयनित किया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 13 जुलाई 2025 को इसकी लिखित परीक्षा कराई थी। मंगलवार (23 जून) को परिणाम घोषित किया गया। कृषि निदेशक रिक्त पदों के अनुरूप जनपदों में इन अभ्यर्थियों को नियुक्त करेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के 1813, अनुसूचित जाति के 509, अनुसूचित जनजाति के 151, अन्य पिछड़ा वर्ग के 629, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर 344 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने भी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

**किसानों की आय बढ़ाने में मिलेगी मदद**

कृषि सचिव इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि यह भर्ती बहुत समय से प्रतीक्षित थी। अब कृषि विभाग का फील्ड स्तर पर काम और बेहतर हो पाएगा। इससे एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में विभाग प्रदेश सरकार को अहम सहयोग दे पाएगा। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। चयनित अभ्यर्थियों को प्रमुख सचिव (कृषि) रविंद्र, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी आदि ने भी शुभकामनाएं दीं।

## अमृतसर जाने वाली फ्लाइट पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में पहुंची, बाद में हुई देरी, यात्री हुए परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली से अमृतसर जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-479 तकनीकी खराबी के भटककर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में पहुंच गई। घटना सोमवार रात की है। पाकिस्तान की एयर ट्रैफिक अथॉरिटी की चेतावनी के बाद विमान ने यू-टर्न लिया और भारतीय हवाई क्षेत्र में वापस लौट आया। वहीं, अमृतसर में नाम लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलने के कारण फ्लाइट को वापसी दिल्ली लौटना पड़ा जिसके चलते यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। अभी तक इसपर अधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि तकनीकी खराबी के चलते विमान अपने तय मार्ग से भटक गया था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक एयरबस ए321 विमान ने सोमवार रात 9 बजकर 07 मिनट पर दिल्ली से उड़ान भरी थी। उड़ान के दौरान तकनीकी खामी आने से विमान अपने निर्धारित रूट से भटक गया। हालांकि समय रहते स्थिति को संभाल लिया गया और विमान को वापस मोड़ दिया गया। वहीं, अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का निर्धारित समय निकल जाने के कारण विमान को अमृतसर में उतारने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके बाद विमान को वापस दिल्ली ले जाया गया, जहां सुरक्षित लैंडिंग करवाई गई। करीब दो घंटे बाद दोबारा अनुमति मिलने पर विमान ने अमृतसर के लिए उड़ान भरी और तड़के करीब ढाई बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गया। इस घटना के कारण यात्रियों को करीब चार घंटे की देरी का सामना करना पड़ा। जिन्हें रात 10 बजकर 30 मिनट तक अमृतसर पहुंचना था, वे देर रात अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

## ट्रांसफॉर्मर फटने से लगी भीषण आग,दर्जन भर बाइक,तीन दुकानों में रखा सामान जल कर खाक

एजेंसी





**फरुर्खाबाद :** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के ट्रांसफार्मर फटने से भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रांसफार्मर के नीचे संचालित तीन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक रिपेयरिंग की दुकान में खड़ी करीब एक दर्जन बाइकें जलकर राख हो गईं, जबकि दो सब्जी की दुकानों में रखा सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया ढिलावल जाने वाले बघार तिराहे पर विद्युत विभाग का एक ट्रांसफार्मर स्थापित है। ट्रांसफार्मर के नीचे और आसपास स्थानीय लोगों द्वारा सब्जी एवं बाइक रिपेयरिंग की दुकानें संचालित की जाती हैं। बुधवार को नगला कलार निवासी संदीप कुमार पुत्र पुरुषोत्तम अपनी सब्जी की दुकान पर कुछ सामान निकालने पहुंचे । तभी अचानक ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रांसफार्मर का गर्म तेल काफी दूर तक फैल गया और उससे आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग ने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सबसे पहले संदीप कुमार की सब्जी की दुकान आग की लपटों में घिर गई। इसके बाद सागर राजपूत पुत्र बांकेलाल की सब्जी की दुकान भी जलने लगी। देखते ही देखते दोनों दुकानों में रखा सब्जी का स्टॉक, तख्त, तराजू और अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग की सबसे अधिक मार ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे स्थित भाऊपुर निवासी बाबू पुत्र रामनाथ राठौर की बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर पड़ी। दुकान में मरम्मत के लिए खड़ी लगभग 10 मोटरसाइकिलें, एक स्कूटी तथा बाहर खड़ी कुछ अन्य बाइकें आग की चपेट में आ गईं। आग इतनी तेज थी कि वाहन मालिकों को अपने वाहन निकालने का मौका तक नहीं मिला और कुछ ही देर में सभी वाहन जलकर कबाड़ में तब्दील हो गए।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के कारण सफलता नहीं मिल सकी।

# सराफा बाजार में फीकी पड़ी सोने की चमक, चांदी के भाव में भी गिरावट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सराफा बाजार में सोना 1,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं, चेन्नई में सोने के भाव में 400 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आई है। चांदी के भाव में भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,47,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,32,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### दो समुदायों में तनाव, 9 गिरफ्तार

**देवरिया :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में बनकटा थाना क्षेत्र के कल्याण नरहिया गांव में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। समय रहते पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। शांति भंग की आशंका के मद्देनजर दोनों पक्षों से बुधवार को नौ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गांव में एक धार्मिक स्थल के समीप एक समुदाय के लोगों द्वारा धार्मिक झंडा लगाया गया था। इसके विरोध में दूसरे समुदाय के लोगों ने भी अपने धार्मिक प्रतीक स्थल के पास झंडा स्थापित कर दिया। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने लगा और गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर हालात को संभाला तथा दोनों स्थानों से झंडे हटवाकर स्थिति को सामान्य किया। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, विवाद जिस भूमि को लेकर सामने आया है वह बचत की जमीन बताई जा रही है, जहां एक धार्मिक स्थल स्थित है। इसी भूमि के एक हिस्से पर दूसरे समुदाय के व्यक्ति का पट्टा और मकान होने की बात भी सामने आई है।

न्यूज IN ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ की सभी ग्राम पंचायतों में आज ग्राम सभाओं का आयोजन

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आज बुधवार को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम सभा में विशेष रूप से आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का अवलोकन एवं वाचन किया जाएगा। शासन की मार्गदर्शिका एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी तथा ग्रामीणों से प्राप्त दावे-आपत्तियों को नियमानुसार प्राप्त कर उनके निराकरण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद स्थायी प्रतीक्षा सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पूर्व बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों की प्रगति तथा अन्य विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा होगी। ग्राम सभाओं में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों से अपील की है कि ग्राम सभा में अधिक से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए।

### आयुष्मान और हिमकेयर से बाहर हुए हिमाचल के 21 आयुर्वेदिक अस्पताल

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के 21 आयुर्वेदिक अस्पतालों को हिमकेयर और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजनाओं के पैनल से बाहर कर दिया गया है। इसके बाद इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों को इन दोनों योजनाओं के तहत मिलने वाली मुफ्त इलाज की सुविधा नहीं मिल पाएगी। इस संबंध में हिमाचल स्वास्थ्य बीमा योजना सोसायटी (एचपीएसबीवाई) ने आदेश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह फैसला केंद्र सरकार की ओर से आयुष्मान भारत योजना के तहत लागू किए गए हॉस्पिटल एंगेजमेंट मॉड्यूल 2.0 के कारण लिया गया है। नए मॉड्यूल में आयुर्वेदिक अस्पतालों को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है। तकनीकी कारणों से इन अस्पतालों को नई ऑनलाइन व्यवस्था में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। इसी वजह से इन्हें आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजनाओं के पैनल से हटाया गया है। अब तक इन अस्पतालों में आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजना के पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती थी। मरीज विभिन्न बीमारियों के उपचार और निर्धारित प्रक्रियाओं का लाभ इन योजनाओं के माध्यम से लेते थे। लेकिन अस्पतालों के पैनल से बाहर होने के बाद यह सुविधा बंद हो जाएगी और मरीजों को इलाज के लिए अन्य सूचीबद्ध अस्पतालों का रुख करना पड़ सकता है। इस फैसले का असर केवल मरीजों तक ही सीमित नहीं रहेगा। इन योजनाओं के संचालन से जुड़े अस्पतालों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी पर भी संकट खड़ा हो गया है। ये कर्मचारी मरीजों के रिकॉर्ड, क्लेम प्रक्रिया और योजनाओं से संबंधित अन्य प्रशासनिक कार्य संभालते थे। अस्पतालों के पैनल से बाहर होने के बाद उनके भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हो गई है। जिन संस्थानों को दोनों स्वास्थ्य योजनाओं से बाहर किया गया है, उनमें जिला आयुर्वेदिक अस्पताल बिलासपुर, इसपुर, नालागढ़, हड़सर, धर्मशाला, कांगड़ा, केलांग, हमीरपुर, ऊना, रिकांगपिओ, नाहन, रामपुर बुशहर, चंबा, जोगिंद्रनगर, कंदरौर, कटराई, सोलन, मंडी और कुल्लू के आयुर्वेदिक अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल छोटा शिमला तथा राजीव गांधी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पपरोला को भी हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजनाओं के पैनल से हटा दिया गया है।

### हथियार से हमला कर युवक से छीनी नकदी और मोबाइल, एफआईआर

**शिमला :** शिमला जिले के ठियोग क्षेत्र में एक युवक पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर उसका मोबाइल फोन और नकदी छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कांगड़ा जिले के बैजनाथ तहसील के रिड़ा गांव निवासी अक्षित कटोच ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह इन दिनों अल्पाइन हॉलिडे में एफ एंड बी (सर्विस) विभाग में कार्यरत है। शिकायत में उसने आरोप लगाया है कि बीती रात कुछ लोगों ने उसे सड़क पर मिलने के लिए बुलाया। अक्षित कटोच के अनुसार जब वह बताए गए स्थान पर पहुंचा तो वहां मौजूद सुशील, विजय धांटा, अक्षय और एक अन्य व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया। उसने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने किसी धारदार हथियार से उस पर वार किया और सामूहिक रूप से उसकी पिटाई की। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि हमले के दौरान उसका मोबाइल फोन और 5 हजार रुपये नकद भी छीन लिए गए। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि थाना ठियोग में इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 126(2), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच जारी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

### अग्निवीर एयरफोर्स के लिए चयनित युवक की सड़क हादसे में मौत, आज ही जाना था ट्रेनिंग के लिए

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अछल्दा-फफूंद मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अग्निवीर एयरफोर्स के लिए चयनित युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। युवक को आज शाम ही ट्रेनिंग के लिए बैंगलोर रवाना होना था। फफूंद थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी 20 वर्षीय रामजी अपने पिता श्याम सिंह (50) और बहन कुसमा देवी (23) के साथ बाइक से अछल्दा थाना क्षेत्र के छछंद गांव झाड़-फूंक कराने गए थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे तीनों घर वापस लौट रहे थे। तभी अमेला बम्बा के पास फफूंद की ओर से आ रही दूध से भरी तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में रामजी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर डायल-112 टीम और अछल्दा थाना प्रभारी सुरेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी अछल्दा भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। परिजनों ने बताया कि रामजी का हाल ही में अग्निवीर एयरफोर्स में चयन हुआ था। उसकी ट्रेनिंग 27 जून 2026 से शुरू होनी थी और वह बुधवार शाम बैंगलोर के लिए ट्रेन पकड़ने वाला था। बेटे की असामयिक मौत से मां सारिका देवी और छोटे भाई कन्हैया का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर व्याप्त है।

### चेन लूट के आरोपित से पुलिस की मुठभेड़,घायल, साथी फरार

**कानपुर :** यशोदा नगर क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से चेन लूट की वारदात में शामिल एक आरोपित को नौबस्ता पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शातिर के पैर में गोली लगी, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। घायल को उपचार के लिए कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र चौधरी ने बताया कि 23 मई को ख्वीद नगर में रहने वाली दुकानदार कुसुम अवस्थी से सिगरेट खरीदने का बहाना बनाकर दो बदमाशों ने चेन लूट ली थी। घटना के बाद भागते समय उनकी बाइक फिसल गई थी। इस दौरान एक लुटेरा पैदल भागा, जबकि दूसरा बाइक लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की तलाश शुरू की थी। जांच के दौरान पता चला कि वारदात के बाद आरोपियों ने गल्ला मंडी क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप से ईंधन भी भरवाया था। मंगलवार रात सूचना मिली कि दोनों बदमाश हंसपुरम इलाके में किसी नई वारदात की तैयारी में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपित घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के सागरपुरी निवासी गोलू के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। आगे उन्होंने बताया कि गोलू के खिलाफ चकेरी और नौबस्ता थानों में चोरी और लूट के तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फरार आरोपी की गिरफ्तारी, लूटी गई चेन की बरामदगी और उसे खरीदने वाले लोगों की पहचान के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

## हुसैनाबाद विधायक ने किया दंगवार उच्च विद्यालय के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

# शिक्षा के माध्यम से ही होगा समाज का समुचित विकास : विधायक

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड शिक्षा परियोजना, पलामू के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार स्थित हाई स्कूल के नए विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है । नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक एवं सुविधायुक्त विद्यालय भवन आवश्यक है। नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।विद्यालय भवन का निर्माण लगभग एक करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय के भवन निर्माण के उपरांत चारदीवारी का भी निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विद्यालय भवन निर्माण की शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर राजद युवा नेता रवि यादव, विनय कुमार सिंह यादव,दंगवार पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,समाजसेवी डॉ0 अखिलेश गुप्ता, पूर्व मुखिया राम लखन यादव, नंदा प्रसाद यादव, प्रमोद सिंह, राजेश्वर यादव, अभिषेक यादव, सुदेश्वर राम, हसन खलीफा कई गणमान्य लोग व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, कई छात्राएं घायल



**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उटारी रोड थाना क्षेत्र के मुरमा गांव में स्कूल जा रहा एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टेंपो पर सवार कई छात्राएं घायल हो गईं। टेंपो में 14 छात्राएं सवार थीं, जो आर.के. गांधी हाई स्कूल जा रही थीं। घायलों में पांच छात्राओं का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## युगम्बर दीक्षित की शहादत दिवस मनाई

**मेदिनीनगर :** आज कारगिल शहीद स्मारक पार्क, पोल पोल में कारगिल शहीद युगम्बर दीक्षित की शहादत दिवस मनाई गई। आशुतोष कुमार तिवारी ने सर्वप्रथम कारगिल शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात भारत माता की जय एवं कारगिल शहीद अमर रहे के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। मोके पर श्री आशुतोष कुमार तिवारी ने बताया कि कारगिल युद्ध भारत के इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय के रूप में जुड़ा है, जिसमें देश के अनेकों वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इन्हीं अमर शहीदों में पलामू का लाल युगम्बर दीक्षित का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जिन्होंने 23 जून 1999 को कारगिल युद्ध में सबसे महत्वपूर्ण चोटी ₹टाइगर हिल₹ क्षेत्र में दुश्मनों से लोहा लेते हुए सर्वोच्च बलिदान देकर वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी शहादत ने पूरे पलामू जिले सहित देश को गौरवान्वित किया। जब उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर अपने गांव पहुंचा, तब पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। हजारों लोगों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। उनका बलिदान आज भी युवाओं को देशभक्ति, साहस एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।

# गोड्डा के उपायुक्त लोकेश मिश्रा का जनता दरबार लोगों के लिए है काफी उपयोगी और कारगर



**बिनय मिश्रा**

गोड्डा के के उपायुक्त लोकेश मिश्रा मैं जिला में योगदान देने के दोमाह के अंतराल में ही जिला में जन समस्याओं का निराकरण व लोगों की परेशानी और कठिनाई को जानने और सुनने के पश्चात तत्क्षण दूर करने के लिए निरंतर गंभीर प्रयास कर रहे हैं और इसका सार्थक परिणाम यह है कि जिला वासियों के समस्याओं का निष्पादन होने लगा है उपायुक्त श्री मिश्रा लोगों की समस्याओं और पीड़ा को जानने के लिए स्वयं जनता दरबार कार्यक्रम में खड़े होकर लोगों के बातों को जानते और सुनते हैं जिलावासी भी उपायुक्त को अपनी परेशानी और समस्याओं को बताकर इस बात से हां आश्वस्त हो जाते हैं कि उनकी पीड़ा को सुनने और जानने के पश्चात उपायुक्त द्वारा कारगर पहल किया जाएगा और ऐसा ही होता भी है और जिला वासी हर्षित और प्रसन्नचित हैं गोड्डा जिला के उपायुक्त के रूप में योगदान देने के पश्चात से श्री मिश्रा हमेशा विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के साथ-साथ पूरे जिला का सघन परिभ्रमण कर समस्याओं को जानकर उसके निष्पादन के लिए गंभीर और सार्थक पहल कर रहे हैं जिला को बेहतर बनाने के दिशा में पूरे जिला प्रशासन के सकारात्मक प्रयास और सहयोग से गोड्डा जिला को बेहतर और उत्कृष्ट बनाया जाए और इसमें उपायुक्त सफल भी हो रहे हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के आईएएस अधिकारी लोकेश मिश्रा इससे पूर्व खूंटी के लोकप्रिय उपयुक्त रह चुके हैं इसके अलावे कोडरमा के उप विकास आयुक्त भी श्री मिश्रा जहां भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से जिला को बेहतर बनाने में सफल रहे हैं ऐसे लिए अधिकारी से निश्चित तौर पर जिला और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं और हमें ऐसे उपायुक्त पर गर्व भी है।

# लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर की 68वीं चार्टर नाइट संपन्न, अतिथियों ने सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की

**संवाददाता**

**जमशेदपुरः** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर की 68वीं चार्टर नाइट समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने क्लब की 67 वर्षों की सेवा यात्रा की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी और उपलब्धियों से परिपूर्ण बताया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब की अध्यक्ष ने कहा कि चार्टर नाइट केवल स्थापना दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों की उस विरासत को याद करने का अवसर है, जिसने लायंस क्लब को समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि 1959 में स्थापित लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांगजनों के सहयोग तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

उन्होंने बताया कि क्लब का फूड बैंक अनेक परिवारों के लिए आशा का आधार बना हुआ है, जबकि क्लब का आर्टिफिशियल लिम्ब सेंटर वर्षों से दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सहायता का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्थान के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से क्लब लगातार समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है।

समारोह में टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारी श्री सुंदरा रामम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर की स्थापना में टाटा स्टील के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि कंपनी की सामाजिक प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि के कारण ही विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल की शाखा जमशेदपुर में स्थापित हो सकी।

इस अवसर पर क्लब की 67 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर आधारित स्मारिका का भी लोकार्पण किया गया। वक्ताओं ने स्मारिका के प्रकाशन में योगदान देने वाले पूर्व अध्यक्ष अजय पांडेय, पीपी लायन मुरलीधर केड़िया, संपादकीय टीम तथा एमजेएफ लायन डॉ. के.टी. भटेना के प्रयासों की सराहना की।

अतिथियों ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि क्लब आने वाले वर्षों में भी समाज सेवा की नई ऊंचाइयों को छुएगा और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा।

समारोह के अंत में सभी सदस्यों ने निस्वार्थ सेवा, विनम्र नेतृत्व और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अध्यक्ष ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब की विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाश बनेगी।

# आपसी प्रेम और भाईचारगी से मनाए मुहर्रम का पर्व : उपायुक्त

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि किसी भी पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिले का इतिहास का सुखद है।इसके लिये आप सभी बधाई के पात्र हैं।उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से पूर्व की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का यह त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की।उपायुक्त ने कहा कि आप सभी समाज के लीडर्स जिम्मेदार है,मुझे आप लोगों पर पूरा भरोसा है कि आप पूर्व की भांति पर्व को सफलतापूर्वक एवं शांति से संपन्न करेंगे।उन्होंने टाउन थाने में फायर ब्रिगेड के एक वाहन को रेडी टू यूज की स्थिति में रखने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है,इसे कायम रखने में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर व्यापक मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता है,हम तो करेंगे ही आपसे अनुरोध है कि आप सभी भी अपने स्तर से सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करें,बगैर सत्यापन कोई भी मैसेज सोशल मीडिया पर फॉरवर्ड करने से बचे। उन्होंने सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर झंडा की ऊंचाई तय करने का अनुरोध किया।कोई भी भड़काऊ गाना नहीं बजे यह सभी को सुनिश्चित करना है।



उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सभी से सामाजिक समरसता,भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।बैठक में आमलोगों की सुरक्षा,जुलूस मार्गो की सुरक्षा,ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी,अफवाहों की रोकथाम,सुगम यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, बिजली व्यवस्था,स्वास्थ्य,सफाई, पेयजलापूर्ति,सोशल मीडिया के सदुउपयोग आदि आवश्यक सुविधाओं को लेकर चर्चा की।

सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में बालों की तैनाती की जाएगीःएसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक कपील चौधरी ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि आज की इस बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा जो मामले रेखांकित किए गए हैं,उन्हें नोट कर नियमानुसार संज्ञान लें।एसपी ने कहा कि आपके मदद एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर पर्याप्त संख्या में बलों की तैनाती की जाएगी।जुलूस के साथ चलने वाले पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जुलूस जब किसी नदी या तालाब के समीप से गुजरे तो पूरी एतिहात के साथ सुरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुंचे।

उन्होंने सभी से फेक न्यूज शेयर करने से बचने की बात कही।सभी थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी बरतने की भी बात कही।

शांति समिति की इस बैठक में विभिन्न मोहर्रम इंतजामिया कमिटी,विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से मोहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी अपनी बातें एवं मांगों से डीसी-एसपी को अवगत कराया।

बैठक में उपरोक्त के अलावे मेदिनीनगर नगर आयुक्त रंजीत लाल,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सहायक समाहर्ता,तीनों अनुमंडल पदाधिकारी,सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी,विभिन्न मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदस्यों,विभिन्न अखाड़ा कमिटी के प्रतिनिधियों समेत अन्य उपस्थित रहे।

